NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 231 लखनऊ, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## पीएम मोदी का बड़ा कदम, बोले- 16 अप्रैल से इतिहास रचने को तैयार संसद

दिल्ली।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम की घोषणा की है, जिसके लिए 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुलाया जाएगा। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य दशकों से लंबित महिला आरक्षण को साकार कर 2029 तक इसे लागू करना और लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है और संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र इसी महीने की 16 तारीख से आयोजित होने जा रहा है।मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत का संकल्प जो समतामूलक हो, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा न हो, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का,



हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16, 17, 18 अप्रैल है। 2023 में नई संसद में हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम के रूप प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे, इसके लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक का आयोजन होने जा रहा है और उससे पहले आज नारीशक्ति वंदन का ये कार्यक्रम, इसके जरिए हमें देश की कोटि–कोटि माताओं बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी देश के कोने–कोने से आई हैं। आपकी इस उपस्थिति के लिए, इस महत्वपूर्ण काम के लिए आपने जो समय निकाला है, उसके लिए मैं आप सबका हृदय से अभिनंदन करता हूं। साथ ही भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा था। इस विमर्श को करीब 4 दशक बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को अपने–अपने ढंग से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए।मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास और प्राथमिकता है कि इस बार भी ये काम संवाद, सहयोग और सहभागिता से हो। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार से इस अधिनियम को पारित किया गया था और संसद का गौरव बढ़ा था। इस बार भी सबके सामूहिक प्रयास से संसद की गरीमा और नई ऊंचाइयों को छुएगी। इस समय भी हमारे देश में राष्ट्रपति जी से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महिला नेतृत्व का एक बेहतरीन उदाहरण पंचायती राज संस्थाएं भी हैं। आज भारत में 14 लाख से अधिक महिलाएं लोकल गवर्नमेंट बॉडीज में सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। लगभग 21 राज्यों में तो पंचायतों में उनकी भागीदारी करीब–करीब 50: तक पहुंच चुकी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लाखों महिलाओं की राजनीति और सामाजिक जीवन में ये सक्रियता, दुनिया के बड़े–बड़े नेताओं और राजनीति के विशेषज्ञों के लिए भी बहुत ही हैरान करने वाली बात होती है। इससे भारत का गौरव बहुत बढ़ता है। अनेक अध्ययनों में ये सामने आया है कि जब निर्णय प्रक्रियाओं में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी, तो इससे व्यवस्थाओं में भी संवेदनशीलता आई है।

## नोएडा लेवर हिंसा पर मुख्यमंत्री योगी का बड़ा बयान, बोले- प्रदेश में अशांति फैलाने की हो रही साजिश

संवाददाता।
नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुए हिंसक श्रमिक प्रदर्शनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्अशांति फैलाने की साजिशश बताया है, साथ ही शांति की अपील की है। वहीं, कांग्रेस ने सरकार की नीतियों को दोषी ठहराते हुए महंगाई और शोषण को इस असंतोष का मुख्य कारण बताया है।एनसीआर में श्रमिकों के बढ़ते असंतोष की लहर नोएडा में हिंसा में तब्दील हो गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शांति बनाए रखने की अपील की और श्रमिकों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। मुजफ्फरनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी ने बढ़ते तनाव के बीच श्रमिकों से सीधे अपील करते हुए दृढ़ रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बनी दोहरी इंजन सरकार सुरक्षा, सुशासन और सेवा का एक आदर्श मॉडल बना रही है। उन्होंने आगे कहा



कि कुछ लोग अशांति फैलाने और राज्य को शांति और समृद्धि की ओर बढ़ने से रोकने की साजिश रच रहे हैं।योगी ने श्रमिकों से भी अपील करते हुए कहा कि मैं सभी कर्मचारियों और मजदूरों से अपील करता हूं, डबल इंजन वाली सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है, साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि कोविड काल के दौरान श्रमिकों को सरकार द्वारा व्यवस्थित वाहनों का उपयोग करके घर पहुंचाया गया था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने नोएडा में श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन से निपटने के तरीके को लेकर राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर के दृश्य चिंताजनक थे।एक्स पर एक पोस्ट में राय ने कहा कि बढ़ती महंगाई और कथित वेतन शोषण श्रमिकों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञापन खाली पेट नहीं भर सकते और आंसू गैस के गोले भूख मिटा नहीं सकते। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बल प्रयोग करने के बजाय श्रमिकों की मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्टरी कर्मियों द्वारा किया जा रहे प्रदर्शन के दौरान सोमवार को जमकर हिंसा हुई औरनोएडा के फेज–2 और सेक्टर–60 इलाकों में वाहनों में आग लगा दी गई, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और पथराव की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रदर्शन के कारण यातायात ठप हो गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में दिल्ली जाने वाली विभिन्न सड़कों पर हजारों यात्री फंस गए। दिल्ली–नोएडा सीमा पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारी बड़ी संख्या में सुबह एकत्र हुए और उन्होंने वेतन संशोधन की अपनी काफी समय से लंबित मांग को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। सेक्टर–62 और सेक्टर–84 में भी मजदूरों ने सुबह से ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग–9 को भी जाम कर दिया। प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया।

## बिहार का नया सीएम कौन? कल उठेगा पर्दा, शिवराज चौहान की अध्यक्षता में होगी बीजेपी की बड़ी बैठक

एजेसी।
बिहार में नीतीश कुमार के इस्तीफे के साथ एक राजनीतिक युग का अंत हो रहा है, जिसके बाद भाजपा पहली बार अपना मुख्यमंत्री बनाएगी। केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान की देखरेख में विधायक दल की बैठक में नए नेता का चुनाव होगा और 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंगलवार को पटना में होने वाली विधायक दल की बैठक में बिहार के अगले मुख्यमंत्री के उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब नीतीश कुमार लगभग दो दशकों के कार्यकाल के बाद पद छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उनके 14 अप्रैल को पटना पहुंचने की उम्मीद है। नीतीश कुमार 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे अपनी अंतिम मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक के बाद, उनके इस्तीफे की संभावना है और वे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी होने से पहले, उनके जनता दल (यूनाइटेड) और एनडीए विधायक समूह के नेताओं से मिलने की भी उम्मीद है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक



गठबंधन (एनडीए) भाजपा के नेतृत्व में अगली सरकार बनाएगा। यह पहली बार होगा जब बिहार में भाजपा का अपना मुख्यमंत्री होगा।नए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस समारोह में शामिल होने की संभावना है। घोषणा से पहले एनडीए दलों के नेताओं ने विचार–विमर्श तेज कर दिया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर बैठकें आयोजित की गईं।

## निर्मला सीतारमण का बड़ा हमला, बोलीं- एमके स्टालिन झूठी कहानी गढ़ रहे हैं

एजेंसी।
दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन पर धान बोनस मुद्दे पर झूठा नैरेटिव फैलाकर केंद्र–राज्य संबंधों में फूट डालने का आरोप लगाया है। सीतारमण ने स्पष्ट किया कि केंद्र का सुझाव खाद्य सुरक्षा के लिए दालों और तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना था, जिसे स्टालिन ने किसानों को गुमराह करने के लिए तोड़–मरोड़ कर पेश किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर धान बोनस मुद्दे से जुड़े विवाद को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच विभाजन पैदा करने का प्रयास करने और झूठा नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाया है। सोमवार को इस मामले पर बोलते हुए, सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक, निरंतर और सकारात्मक जुड़ाव आवश्यक है। उन्होंने स्टालिन की इस बात के लिए आलोचना की कि वे तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर पेश करते हुए खुद को किसानों का रक्षक बता रहे हैं।यह विवाद तब शुरू हुआ जब स्टालिन ने दावा किया कि वित्त मंत्रालय द्वारा तमिलनाडु



के मुख्य सचिव को लिखे गए एक पत्र में राज्य की धान बोनस नीति की समीक्षा करने और उसे बंद करने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने सीतारमण को चुनौती दी कि वे इस पत्र को सार्वजनिक करें और दावा किया कि यह उनके रुख का समर्थन करता है। ग पर एक पोस्ट में, सीतारमण ने कहा, "खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृषि क्षेत्र में सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक, निरंतर और सकारात्मक जुड़ाव आवश्यक है। हालांकि, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन वही करते दिख रहे हैं जिसमें वे और उनकी पार्टी माहिर हैं दृ केंद्र और राज्यों के बीच फूट डालना, झूठे नैरेटिव गढ़ना और खुद को किसानों और अन्य तमिल लोगों के रक्षक के रूप में पेश करना।उन्होंने आवश्यक खाद्य पदार्थों के आयात पर निर्भरता के कारण बाहरी झटकों और मूल्य में उतार–चढ़ाव से घरेलू खाद्य सुरक्षा की संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने दालों और तिलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने को भारत के लिए आर्थिक आवश्यकता और रणनीतिक आवश्यकता बताया। वित्त मंत्री ने स्टालिन पर केंद्र सरकार के रचनात्मक सुझावों का समर्थन करने के बजाय इस मुद्दे को सनसनीखेज बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्या उन्हें यह नहीं पता कि ताड़ के तेल का भारी आयात इसलिए हो रहा है क्योंकि खाद्य तेल की हमारी मांग तिलहन की आपूर्ति से पूरी नहीं हो पा रही है? दालों के मामले में भी यही स्थिति है। जिन फसलों में मांग और आपूर्ति में अंतर है, उनमें किसानों को बेहतर दाम मिल सकते हैं। स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री स्टालिन के मन में किसानों का हित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि दालों, तिलहनों और बाजरा के उत्पादन को बढ़ावा देने से भारत को प्रोटीन युक्त फसलों की बेहतर उपलब्धता के माध्यम से ष्पोषण सुरक्षाष् प्राप्त करने में मदद मिलेगी, साथ ही खाद्य तेल आयात बिल को कम करके आर्थिक स्थिरता भी आएगी। केंद्र के पत्र को सार्वजनिक करने की स्टालिन की चुनौती का जवाब देते हुए, सीतारमण ने स्पष्ट किया कि पत्र राज्य को पहले ही प्राप्त हो चुका है और इसे साझा करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

## वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीन भाटी के कार्यालय पर "गांव-वार्ड चलो, बूथ चलो" अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

विजडम इंडिया।

गाजियाबाद। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में एवं मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा की अध्यक्षता में आज वार्ड 83 पार्षद कार्यालय पर "गांव–वार्ड चलो, बूथ चलो" अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का सफल आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में महानगर उपाध्यक्ष प्रीति चंद्रा राय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों, योजनाओं एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर संगठन की रीति–नीति को जन–जन तक पहुंचाना है तथा "गांव–वार्ड चलो, बूथ चलो" अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करना है।



कार्यक्रम में पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया तथा बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित क्षेत्रवासियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि "गांव–वार्ड चलो, बूथ चलो" अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

इस मौके पर के.डी. शर्मा, जयकृत कसाना, डी.एन. सिंह, मदन मास्टर, पवन मुरारका, प्रवीन शर्मा, वीर सिंह चौधरी, मदनपाल शर्मा, योगेन्द्र त्यागी, दीपक ठाकुर, प्रथम शर्मा, बाबू गुप्ता, रविंद्र कोहली, नरेश चौहान, सुनील कुमार, मनोज शर्मा, संजीव खारी, जे.पी. कोठियाल, डॉ. अनिल शर्मा, हर्ष मिश्रा, राजू, राधेश्याम, इन्द्र शर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे ।

## एक परिवार की सरकार को उखाड़ फेंकेंगे, तमिलनाडु में डीएमके पर जमकर बरसे नितीन नवीन

एजेंसी।
दिल्ली। तमिलनाडु चुनाव से पहले, बीजेपी नेता नितिन नवीन ने तंजावुर में एनडीए नेताओं से मिलकर डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद का आरोप लगाया। उन्होंने सनातन परंपरा के अपमान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जनता डीएमके को हटाना चाहती है और एनडीए सरकार किसानों का सम्मान बहाल करेगी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 23 अप्रैल को होने वाले हैं, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को तंजावुर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान डीएमके सरकार पर वार करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि यहां की जनता एक परिवार की सरकार को उखाड़ फेंकना चाहती है। अगर किसी राज्य में भ्रष्टाचार में सबसे आगे कोई सरकार है, तो वह तमिलनाडु की डीएमके सरकार है। हम तमिलनाडु के किसानों को आश्वस्त करते हैं कि राज्य में हमारी एनडीए सरकार बनने के बाद, हम किसानों का सम्मान बहाल करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए काम करेंगे। मुख्यमंत्री और उनके बेटे द्वारा सनातन परंपराओं का अपमान करने पर पूरा देश शर्मिंदा है। हम अपने देवी–देवताओं के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले उसी दिन नितिन नबीन ने मदुरै स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर में प्रार्थना की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देवी मीनाक्षी के दर्शन और भारतीय इतिहास में उनके अद्वितीय स्थान को देखते हुए, निश्चित रूप से एक अनूठी शक्ति और ऊर्जा प्राप्त होती है३ हमारे हिंदू देवी–देवताओं का स्थान हमारे विचारों, हमारे आदर्शों और हमारे कार्यों में झलकता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं कामना करता हूं कि तमिलनाडु और पूरे देश के सभी लोगों के घरों में सौभाग्य और समृद्धि बनी रहे। भारतीयों को गर्व है कि हमारे इतिहास में ऐसी बातें हैं जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।रविवार को नबीन ने विश्वास व्यक्त किया कि तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम (AIADMK) के नेतृत्व वाला NDA] मौजूदा द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम (क्डज्ञ) सरकार को हरा देगा। उन्होंने मौजूदा राज्य सरकार पर देश की सबसे भ्रष्ट सरकारहोने का आरोप लगाया।

## दिल्ली हाईकोर्ट में खुद वकील बने केजरीवाल, जज को हटाने की मांग पर की जोरदार बहस

एजेंसी।
दिल्ली। पीठ ने जवाब दिया कि सम्मान पारस्परिक होता है और उन्हें मामले पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। केजरीवाल ने फिर कहा कि मैं यहां एक आरोपी की तरह खड़ा हूं, हालांकि निचली अदालत मुझे पहले ही बरी कर चुकी है।श पीठ ने उन्हें न्यायाधीश को मामले से हटाने की मांग के संबंध में विशेष रूप से अपनी दलीलें प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शराब नीति मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय में उपस्थित हुए। उन्होंने स्वयं अपना पक्ष रखा और सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू भी उपस्थित थे। कर्जियेल ने अदालत में बोलना शुरू करते हुए कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से न्यायाधीश का सम्मान करता हूं और मैं अदालत का भी सम्मान करता हूं। पीठ ने जवाब दिया कि सम्मान पारस्परिक होता है और उन्हें मामले पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। केजरीवाल ने फिर कहा कि मैं यहां एक आरोपी की तरह खड़ा हूं, हालांकि निचली अदालत मुझे पहले ही बरी कर चुकी है।ष पीठ ने उन्हें न्यायाधीश को मामले से हटाने की मांग के संबंध में विशेष रूप से अपनी दलीलें प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।केजरीवाल ने तर्क दिया कि 9 मार्च को उच्च न्यायालय ने सीबीआई की उस याचिका पर, जिसमें निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी, प्रतिवादियों की अनुपस्थिति में आदेश पारित किया।

# लखीमपुर खीरी में 817.44 करोड़ की 314 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास, 6,706 परिवारों को मिले भूमि अधिकार पत्र

लखनऊध्लखीमपुर खीरी, (आरएनएस )मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सच्चा शासन वही होता है जहां प्रजा सुखी रहे और शासन का कल्याण जनता के कल्याण में निहित हो। उन्होंने कहा कि शासन की संवेदना बिना भेदभाव के जनता तक पहुंचनी चाहिए और सेवा के माध्यम से ही यह कार्य साकार होता है। उन्होंने कहा कि आज लाभार्थियों को भूमि अधिकार, विभिन्न विकास परियोजनाओं तथा योजनाओं का लाभ मिलना संवेदना को सेवा में बदलने का परिणाम है।

मुख्यमंत्री लखीमपुर खीरी में पलिया, श्रीनगर, निघासन और गोला विधानसभा क्षेत्रों में 817.44 करोड़ रुपये लागत की 314 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 6,706 परिवारों को भूमि अधिकार पत्र वितरित किए गए, जिनमें 4,356 थारू परिवार तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश से यहां बसाए गए 2,350 परिवार शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र, आवास की प्रतीकात्मक चाभी और चेक भी प्रदान किए गए।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल अधिकार प्राप्ति का आयोजन नहीं, बल्कि अधिकार से आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भरता से आत्मसम्मान की ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब भूमि अधिकार मिलने के बाद किसी भी व्यक्ति के अधिकारों में हस्तक्षेप या अवैध वसूली नहीं हो सकेगी और न ही किसी दबंग द्वारा गलत लेखा–जोखा दिखाकर जमीन पर कब्जा कराया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि पलिया क्षेत्र में दशकों से लंबित पुनर्वास की प्रक्रिया अब आगे बढ़ रही है और यह भूमि अधिकार आत्मसम्मान के साथ इतिहास के स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंदन चौकी क्षेत्र थारू समाज की संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है और आज इस समाज को भूमि अधिकार मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा की जयंती से एक दिन पहले यह अधिकार मिलना गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1976 में थारू समाज को भूमि देने की बात कही गई थी, लेकिन उन्हें अधिकार नहीं मिल सका था। इसी प्रकार पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए स्वाधीनता सेनानी परिवारों को भी वर्षों तक जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल पाया। अब प्रदेश सरकार ने 4,356 थारू परिवारों को 5,338 हेक्टेयर तथा 2,350 परिवारों को 4,251 हेक्टेयर भूमि का अधिकार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता सरकार का परिवार है और प्रत्येक नागरिक को उसका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यहां 300 से अधिक महिला समूह कार्यरत हैं, जिन्हें 30 हजार रुपये



का रिवॉल्विंग फंड और 1.5 लाख रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की व्यापक संभावनाएं हैं और सरकार इसके लिए हर संभव सहयोग देगी।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास की सुविधा दी जा रही है, जिससे परिवारों को सुरक्षा और सम्मान मिलता है। साथ ही असमय बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए सर्वे कराकर मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जनहानि या पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि देने तथा आग या आपदा से घर नष्ट होने पर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गोला–गोकर्णनाथ में भव्य कॉरिडोर के निर्माण को आगे बढ़ा रही है और यहां देश का पहला पीएलए प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही प्लास्टिक पार्क स्थापित करने की भी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा हो चुका है और शारदा नदी की ड्रेजिंग से बाढ़ और कटान की समस्या में राहत मिली है। पलिया को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के वंचित, दलित, वनवासी और जनजाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 'एक जनपद–एक व्यंजन' योजना के माध्यम से स्थानीय व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय के पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन भी किया गया।

# मिडल ईस्ट में जारी अशांति से अछूता रहा कृषि उत्पादों का निर्यात

प्रयागराज। किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनके कृषि उत्पादों के निर्यात में तेजी लाना आवश्यक है। किसान इसे लेकर अब खुद जागरूक हुए हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की कृषि निर्यात नीति में दिए जा रहे प्रोत्साहन भी इसमें उपयोगी साबित हो रहे हैं। इसी का नतीजा है कि प्रयागराज मंडल में वित्तीय वर्ष 2025– 26 में कृषि उत्पादों के निर्यात में तेजी आई है। कृषि उत्पादों में भी चावल का पिछले वर्ष सबसे अधिक निर्यात हुआ है। अपनी आय को बढ़ाने के लिए किसान स्थानीय मंडियों से आगे बढ़कर अब देश के बाहर अपने कृषि उत्पादों को भेजने में रुचि लेने लगा है। प्रयागराज मंडल में किसानों के रुख में आए इस बदलाव ने कृषि उत्पादों के निर्यात में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की है। यहां के किसानों के अपने कृषि उत्पाद स्थानीय मंडियों से आगे जाकर कनाडा , यूके से लेकर दुबई और बांग्लादेश तक अपनी पहुंच बना चुके हैं।प्रयागराज मंडल के सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र का कहना है कि निर्यातकों एवं कृषकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने और किसानों की सोंच में आए बदलाव से मंडल के कृषि उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ा है। वित्तीय वर्ष 2025 26 में प्रयागराज मंडल में कुल 19683.17 मीट्रिक टन कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है। इस अवधि में 79.95 करोड़ रुपए का निर्यात किसानों ने किया है।प्रयागराज मंडल में कृषि उत्पादों के अंतर्गत आंवला , हरी सब्जियां , भिंडी, हरी मिर्च , मूंगफली और गैर बासमती चावल का मुख्य रूप से निर्यात किया गया है। प्रयागराज मंडल के सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र का कहना है कि इस वित्तीय वर्ष में मंडल में गैर बासमती चावल का सर्वाधिक निर्यात किया गया है। वर्ष 2025– 26 मंडल में 19172.9 मीट्रिक टन चावल का निर्यात किया गया है। इसमें 75.77 करोड़ की विदेशी मुद्रा अर्जित हुई है। प्रतापगढ़ जिले की श्री राम ट्रेडर्स मिनी राइस मिल का इसमें सबसे बड़ा योगदान है। यह चावल नेपाल को निर्यात किया गया है। चावल के बाद मूंगफली का निर्यात सबसे अधिक हुआ है। इस अवधि में मीट्रिक टन मूंगफली का निर्यात हुआ है जिससे 2.96 करोड़ रुपए अर्जित हुए हैं। बांग्लादेश को मूंगफली का निर्यात हुआ है।मार्च के महीने से मिडल ईस्ट की भौगोलिक सीमा में चल रही उथल पुथल से कृषि उत्पादों का निर्यात प्रभावित नहीं हुआ है। ईरान, अमरीका और इजरायल के बीच जारी संघर्ष पर इसका असर नहीं हुआ है।

# अवध इन रेस्टोरेंट व कैफे में लगी भीषण आग

## दो बाइक समेत हजारों का सामान जला, एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

प्रयागराज। कीडगंज थाना क्षेत्र के के मधवापुर सब्जी मंडी स्थित होटल अवध इन में रविवार को भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैलकर पूरे होटल परिसर में फैल गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। इससे रेस्टोरेंट के कर्मचारियों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों में खलबली मच गई। खबर पाकर मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दो बाइक समेत हजारों का सामान नष्ट हो चुका था। मधवापुर सब्जी मंडी के रहने वाले विशाल कुमार श्रीवास्तव ने रेस्टोरेंट व कैफे खोल रखा है। रविवार सुबह करीब 10रू30 बजे रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। विशाल ने देखा तो मदद की आवाज लगाई। रेस्टोरेंट के कर्मचारी पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन आग थमने के बजाय और बढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग पहले होटल के एक हिस्से में लगी और देखते ही देखते पूरे भवन में फैल गई। इससे रेस्टोरेंट में रखा लाखों का सामान जल गया। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण उनके शुरुआती प्रयास सफल नहीं हो सके।दमकल विभाग की दो गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड की टीम के प्रयासों से आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। आग लगने के समय होटल में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था, जिससे किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। यह होटल बैरहना में गोल्डन मेडिसिन के बगल में स्थित है।

खबर पाकर अग्निशमन अधिकारी राजेश चौरसिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फिर आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग किन कारणों से लगी, इसकी जांच की जा रही है। आशंका है कि शार्ट सर्किट से घटना हुई है।

# मियांपुर में 331 विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार, 417 करोड़ की 213 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

लखनऊध्लखीमपुर खीरी (आरएनएस ),मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय परम्परा में धर्म की व्याख्या अत्यंत सहज और सरल है तथा 'पर हित सरिस धर्म नहिं भाई' के भाव को जीवन में उतारते हुए सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वी पाकिस्तान और बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए बंगाली परिवारों की कहानी केवल विस्थापन की नहीं, बल्कि साहस, संघर्ष और अदम्य जीवटता की अमरगाथा है।मुख्यमंत्री लखीमपुर खीरी की मोहम्मदी तहसील के मियांपुर में पूर्वी पाकिस्तानध्बांग्लादेश से विस्थापित 331 परिवारों को भूमि अधिकार पत्र वितरण तथा 417 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 213 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाभी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने संविलियन विद्यालय मियांपुर में बच्चों से संवाद भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन की त्रासदी के बाद यहां बसने वाले बंगाली परिवारों को भूमि अधिकार देना गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 और 1971 में विस्थापित हुए इन परिवारों को



दशकों तक उनका अधिकार नहीं मिल पाया, लेकिन अब उन्हें न्याय और सम्मान मिला है। उन्होंने बताया कि मियांपुर गांव का नाम बदलकर रविन्द्रनगर किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र की पहचान राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर के नाम से जुड़ सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन 331 परिवारों को भूमि अधिकार प्रदान किए गए हैं, उनके सदस्यों की संख्या बढ़कर 5,000 से अधिक हो चुकी है। इन परिवारों को 542 हेक्टेयर भूमि का मालिकाना अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल भूमि का अधिकार नहीं, बल्कि सुरक्षित और स्थिर जीवन की गारंटी है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मजबूत होगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर और बिजनौर जिलों में लगभग 65,000 विस्थापित हिंदू और सिख परिवार निवास कर रहे हैं और सरकार इन सभी को भूमि का मालिकाना अधिकार देने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल इतिहास में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर की जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का अर्थ केवल सड़क और पुल बनाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक गरीब को आवास, बिजली, शौचालय और नल से जल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को निःशुल्क यूनिफार्म, बैग, किताबें और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जनपद की चार विधानसभा क्षेत्रों में 417 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है, जबकि वर्ष 2025 में भी यहां 1,622 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रारम्भ की गई थीं। उन्होंने कहा कि जनपद में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो चुका है और एयरपोर्ट निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गोला–गोकर्णनाथ में शिव मंदिर कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, जिससे पर्यटन और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में हुई अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए शीघ्र सर्वे कराकर 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' और 'मुख्यमंत्री किसान आपदा सहायता योजना' के तहत सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जनहानि, पशुहानि या अग्निकांड की स्थिति में तत्काल राहत प्रदान करने तथा जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि मोहम्मदी क्षेत्र में मिलने वाला केतकी का फूल विशिष्ट पहचान रखता है और सरकार इसे विशेष पहचान दिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जाति, मत और क्षेत्र के आधार पर विभाजन से बचते हुए 'सबका साथ–सबका विकास' के संकल्प के साथ प्रदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है।कार्यक्रम को आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

# यूपी की जनता को समाजवादी पार्टी से खतरा- नरेंद्र कश्यप

## राज्य मंत्री ने सपा व अखिलेश यादव पर साधा निशाना प्रदेश की जनता को पीडीए पर भरोसा नहीं

प्रयागराज। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप का रविवार को सर्किट हाउस में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। कहा कि अखिलेश के शासनकाल में उत्तर प्रदेश तबाही की कगार पर पहुंचा। समाजवादी पार्टी से यहां की जनता को बड़ा खतरा है। भाजपा इस खतरे को भी खत्म करने की कोशिश में लगी है।राज्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं की उपलब्धियां गिनाई। पूर्ववर्ती सपा सरकार और मौजूदा डबल इंजन की सरकार के तुलनात्मक आंकड़ों के आधार पर भी सपा मुखिया को आड़े हाथों लिया।राज्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव ने एसआइआर को भी भाजपा का अभियान समझ लिया है। जबकि, पूरा देश जानता है यह चुनाव आयोग करा रहा है। एसआइआर के बाद अखिलेश यादव को चिंता खा रही है कि उन्हें फिर सत्ता से दूर रहना पड़ेगा। क्योंकि जनता ने डबल इंजन की सरकार के काम से प्रभावित है। दावा किया कि जनता ने मन बना लिया है कि वर्ष 2027 में खिलेगा तो कमल ही।उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा पीडीए पर नहीं है। सपा ने चार शासन किया। जब सपा शासन में आती है तो परिवार की परिधि में सत्ता का हस्तांतरण होता है। प्रदेश की जनता अखिलेश यादव के झूठे वादों से अलर्ट है। उन्होंने कहा कि अखिलेश के शासनकाल में यूपी तबाही की कगार पर पहुंचा। गुंडागर्दी गली–कूचे तक पहुंच गई। आदमी का जीवन बसर करना मुश्किल हो गया। हिंदू–मुस्लिम के बवाल ने खूब फजीहत कराई। इसलिए प्रदेश की जनता को समाजवादी पार्टी से खतरा है। भाजपा की कोशिश है कि इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाए।सीटों को लेकर घटक दलों के बीच मची खींचतान को लेकर राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे सभी घटक दल यूपी के विकास के लिए समर्पित हैं। बैठक में जब इस पर बात होती तो सभी घटक दल यूपी के विकास और अखिलेश से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए सीट शेयरिंग कर लेंगे।

# बरामदे में निर्वस्त्र मिला वृद्धा का शव, गहने गायब

## गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका

प्रयागराज। मांडा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव के बीती रात एक वृद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। बदमाश रात्रि या फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। सुबह जानकारी पर परिजनों सहित ग्रामीणों के सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया चौकी अंतर्गत बरहा कला ग्राम पंचायत के बबुरा गांव निवासिनी कस्तूरा देवी उम्र 62 वर्ष पत्नी स्वर्गीय उमा शंकर बिंद की शनिवार देर रात घर के बाहर सोते समय किसी ने गला दबाकर हत्या कर दी। कस्तूरा देवी के पति रेलवे कर्मी थे और पांच साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। तथा दस माह पहले उनकी बीमारी से मौत हो चुकी है। महिला के पास केवल दो शादीशुदा बेटियां उषा और रेनू हैं। बीती रात महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने महिला का गहना भी गायब कर दिया है। रविवार सुबह जानकारी पर ग्रामीणों के सनसनी फैल गई। मौके पर भारी जनसंख्या में भीड़ जुटी हुई है।

परिजनों के अनुसार कस्तूरा देवी घर से लगे फाइबर शीट से ढंके बरामदे में सो रही थीं। यह बरामदा तीन ओर से दीवारों से घिरा है, जबकि सामने की ओर खुला है और बीच–बीच में ईंट के बने पिलर सहारे के रूप में लगे हैं। इसी खुले हिस्से के नीचे चारपाई पर सो रही वृद्धा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। वहीं उनकी 15 वर्षीय नातिन राधा घर के अंदर सो रही थी और उसे घटना की जानकारी नहीं हो सकी। सुबह ग्रामीणों की नजर जैसे ही चारपाई पर निर्वस्त्र पड़ी वृद्धा पर पड़ी, हड़कंप मच गया। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। थोड़ी ही देर में मृतका की दोनों बेटियां उषा निवासी साड़ी, मांडा और रेनू निवासी जिगिना मिर्जापुर भी मौके पर पहुंच गईं और बिलख पड़ीं।

# पीपीपी मश्डल पर 49 बस स्टेशनों का होगा आधुनिकीकरण, परिवहन मंत्री ने दी फेज-2 परियोजना को स्वी×ति की जानकारी

लखनऊ (आरएनएस )।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर फेज–2 बस स्टेशन विकास परियोजना को स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना के अंतर्गत डेवलपर के चयन के लिए परिवहन निगम द्वारा शीघ्र ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।परिवहन मंत्री ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत प्रदेश के विभिन्न प्रमुख जनपदों में स्थित 49 बस स्टेशनों का आधुनिक, विश्वस्तरीय एवं बहुउद्देश्यीय बस टर्मिनल के रूप में पुनर्विकास किया जाएगा, जिससे राज्य की परिवहन अवसंरचना को नई दिशा और गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने वाले बस स्टेशनों पर यात्री–केंद्रित सुविधाओं से युक्त आधुनिक टर्मिनल बनाए जाएंगे, जहां स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणालियों की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और अन्य सहायक सेवाओं को शामिल करते हुए स्मार्ट एवं टिकाऊ अवसंरचना विकसित की जाएगी।परिवहन मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और शहरी विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी।उन्होंने बताया कि यह परियोजना डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) ढांचे पर आधारित होगी। इसके अंतर्गत राज्य सरकार या निगम पर कोई प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय नहीं आएगा, बल्कि निजी निवेश के माध्यम से आधुनिक अवसंरचना विकसित की जाएगी। भूमि का स्वामित्व परिवहन निगम के पास ही रहेगा, जबकि विकास और संचालन का अधिकार कंसेशनायर को निर्धारित अवधि के लिए दिया जाएगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि फेज–2 के अंतर्गत केंद्र सरकार के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप परिष्कृत बिड दस्तावेज तैयार किए गए हैं, जिससे निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार होगा।

तकनीकी और वित्तीय पात्रता मानकों को भी संतुलित रूप से निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और योग्य डेवलपर्स का चयन पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

# मैत्री क्रिकेट मैच में महाप्रबंधक एकादश टीम विजयी

प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के डीएसए ग्राउंड में आयोजित महाप्रबंधक बनाम डीआरएम एकादश मैत्री क्रिकेट मैच में दोनों टीमों के बीच अत्यंत रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मैच में डीआरएम टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए डीआरएम टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 157 रन बनाए। टीम की ओर से श्री आकाश ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों में 98 रन बनाए और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुँचाया। महाप्रबंधक एकादश की ओर से गेंदबाजी में डॉ. परवेज ने 3 विकेट एवं श्री सतेंद्र जी ने 1 विकेट प्राप्त किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाप्रबंधक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट खोए मात्र 12.1 ओवर में 158 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। महाप्रबंधक एकादश की ओर से डॉ. परवेज ने 46 गेंदों में नाबाद 98 रन बनाकर टीम को विजय दिलाई।उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाप्रबंधक टीम के डॉ. परवेज को "मैन ऑफ द मैच" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं डीआरएम टीम के श्री आकाश को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने आयोजक मंडल को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन अधिकारियों के मध्य आपसी सौहार्द बनाती है और वह आपसी कार्यालयीन वातावरण में भी प्रतिबिंबित होता है।

कार्यक्रम के दौरान डीएसए स्पोर्ट्स सेल की ओर से डीआरएम रजनीश अग्रवाल द्वारा महाप्रबंधक को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भी भेंट किया गया।

# दरोगा के पिता की गोली मारकर हत्या

## बेटी की शादी से पहले घर में पसरा मातम

सुलतानपुर(आरएनएस )। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बेलगरा गांव में शनिवार देर रात घर के बाहर सो रहे एक अधेड़ की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। मृतक विजय प्रताप सिंह (58) घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनकी कनपटी पर गोली मार दी और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना के समय उनकी पत्नी पास में ही सो रही थीं,जो बाल–बाल बच गईं। गोली की आवाज सुनकर परिजन जाग गए और शोर मचाया, लेकिन तब तक हमलावर मौके से भाग चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। दीवार पर खून के छींटे भी मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ आर.के चतुर्वेदी ने बताया कि परिजनों ने फिलहाल किसी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द घटना के खुलासे का दावा किया है। परिजनों के अनुसार मृतक पिछले तीन वर्षों से पैरालिसिस से पीड़ित थे और हाल ही में इलाज कराकर घर लौटे थे। उनकी छोटी बेटी सोनम सिंह की शादी 21 अप्रैल को तय थी। शादी की तैयारियों के बीच हुई इस वारदात से परिवार में खुशियों की जगह मातम छा गया है।



## शादी समारोह में कार से अवैध पिस्टल बरामद, हिरासत में एक युवक

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के विवेकनगर में रविवार को एक शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब बारात में आई एक कार से अवैध पिस्टल बरामद हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में लिया और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, विवेकनगर निवासी जमील इदरीस के घर करौंदीकला थाना क्षेत्र से बारात आई थी। बारात में शामिल एक इनोवा क्रिस्टा कार, जिस पर उप राज्य आयुक्त न्यायालय उत्तर प्रदेश शासन लिखा हुआ था, संदेह के घेरे में आ गई। इसी कार की ड्राइविंग सीट के पास एक अवैध पिस्टल रखी मिली, जिस पर एक ग्रामीण की नजर पड़ते ही पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर और कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार और पिस्टल को जब्त कर लिया है। साथ ही एक युवक को हिरासत में लेकर थाने में गहन पूछताछ की जा रही है।

# आजाद समाज सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट गेट के बगल स्थापित कराया वाटर कूलर

## जरूरतमन्दों को मिलेगा निःशुल्क स्वच्छ व ठंडा पानी- सांसद संजय सिंह

सुलतानपुर(आरएनएस )। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आजाद समाज सेवा समिति द्वारा कलेक्ट्रेट गेट के निकट जरूरतमंदों को निशुल्क पानी पीने के उद्देश्य से वाटर कूलर स्थापित कराया गया। जिसका शुभारंभ अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व देश भक्ति के जोरदार नारों के बीच संस्था के संस्थापक व राज्यसभा सांसद संजय सिंह द्वारा किया गया। वाटर कूलर के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि सन 1994 में आजाद समाज सेवा समिति का गठन जरूरतमंदों की सेवा व रचनात्मक कार्यों के उद्देश्य से किया गया था। तब से लेकर आज तक यह संस्था कलेक्ट्रेट गेट के बगल ही जरूरतमंदों को स्वच्छ व ठंडा पानी पीने के उद्देश्य से निशुल्क प्याऊ व्यवस्था अनवरत करती रही है। इसके अतिरिक्त रक्त के



अभाव से जिंदगी मौत से जूझ रहे मरीज की जान बचाने हेतु रक्तदान जिला अस्पताल में लावारिस मरीजों की देखरेख अमर शहीदों की जयंती वी पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न आयोजन करना से बचने के लिए ठंड के महीने में लोगों को ठंड से बचने के लिए हजारों लोगों को कंबल वितरण गरीब बच्ची सैकड़ो बच्चियों को पढ़ाई के लिए उद्देश्य से साइकिल वितरण, सैकड़ो महिलाओं के जीवकोपार्जन हेतु सिलाई मशीन का वितरण जैसे रचनात्मक कार्य संस्था द्वारा अनवरत 32 वर्षों से किया जाता रहा है जिसके लिए संस्था के समस्त पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं सांसद संजय सिंह ने यह भी कहा कि संस्था कभी भी सरकारी आर्थिक सहयोग नहीं लेती बल्कि सुल्तानपुर की संभ्रांत जनता के सहयोग से संस्था निरंतर कार्य करती रही है। इसके लिए जनपद के समस्त सहयोगियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार कमलनाथ पांडे, केएनआई के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर राधेश्याम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत तिवारी, सपा नेता शकील अहमद, शशि प्रकाश सिंह, दिल्ली के पूर्व विधायक विधानसभा सचेतक दिलीप पांडे, सरदार बलदेव सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) की नंगल इकाई द्वारा श्महिला जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविरश का किया गया आयोजन

विजडम इंडिया (विनोद द्विवेदी जिला संवाददाता) नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) की नंगल इकाई ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, नंगल के तलवाड़ा गांव में एक विशाल श्महिला जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविरश का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वास्थ्य और विशेषकर मासिक




धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।
इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 400 से अधिक ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य जांच शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा सभी पात्र महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क दवाएं एवं सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराए गए।
कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ संजीव गौतम, चेयरमैन, श्री गुरु रविदास आयुर्वेदिक विश्विद्यालय, होशियापुर के कर कमलों द्वारा महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन के वितरण के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डा. गौतम ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता (Menstrual Hygiene) के प्रति जागरूक किया और बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता को दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया।
उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।
इस अवसर पर एनएफएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें सुश्री श्वेता महाजन, मैनेजर एचआर (एनएफएल) जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) श्री सोहन लाल, श्री जीवन कुमार अग्निसंदल, सामाजिक कार्यकर्ता, श्री सुमित कुमार अग्निसंदल, सदस्य ब्राह्मण वेलफेयर बोर्ड। पंजाब, श्री अमरीक सिंह, सरपंच तलवाड़ा, श्री सुरेश कुमार शशि, सरपंच छोटेवाल, श्री अमृत लाल, प्रभारी, जीव संरक्षण विभाग नंगल, श्रीमति प्रवीण कुमारी पूर्व सरपंच तलवाड़ा, श्रीमती कमलजीत कौर, सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती सुनीता कुमारी, आशा वर्कर, श्रीमती ऊषा देवी, आशा वर्कर के साथ–साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।
एनएफएल नंगल अपनी सीएसआर (ब्ै) पहलों के माध्यम से समाज के समग्र विकास, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह शिविर उसी दिशा में एक सार्थक कदम है।

# एशियन आर्म बाक्सिंग चौंपियनशिप-2026 के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन

सुल्तानपुर। जनपद के लिए गर्व का विषय सामने आया है। जनपद के कई होनहार खिलाड़ियों का चयन आगामी एशियन आर्म बॉक्सिंग चौंपियनशिप–2026, जो कि बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होने जा रही है, के लिए हुआ है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल जीतकर लौटेंगे और सुल्तानपुर में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। सुशील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हर संभव आर्थिक सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों की सूची (गोल्ड मेडलिस्ट) 'शुभम धुरिया–67 किग्रा वर्ग (साउथ एशियन गेम्स गोल्ड), प्रियात धुरिया–36 किग्रा वर्ग, कु. राज नांदनी सोनकर +65 किग्रा वर्ग, विवान कुमार–19 किग्रा वर्ग (साउथ एशियन गेम्स गोल्ड), अर्पित निषाद – 51 किग्रा वर्ग। इनमें से कुछ खिलाड़ी जयसिंहपुर क्षेत्र तथा कुछ सुल्तानपुर क्षेत्र से संबंधित हैं, जो पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। वहीं टीम का नेतृत्व आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर नसीरुद्दीन सर के निर्देशन में किया जाएगा। उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम बैंकॉक में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। नसीरुद्दीन सर लंबे समय से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# नारी शक्तिवंदन अभियान को लेकर भाजपा सक्रिय, 12 से 20 तक होंगे कार्यक्रम

## महिला सशक्तिकरण को समर्पित 14 आयोजनों से घर- घर पहुचेगा संदेश

सुलतानपुर(आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जनपद में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 14 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें नारी शक्ति सम्मेलन, पदयात्रा, महिला बाइक रैली, नारी शक्ति मार्च, विजय दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनजागरूकता अभियान प्रमुख हैं। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभियान के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और सम्मान का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, डॉ प्रीति प्रकाश, विजय रघुवंशी, रेखा निषाद, पूजा कसौधन, रागिनी मिश्रा, रेनू सिंह, रचना अग्रवाल, मनोज श्रीवास्तव, अरुण दूबे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 22 बस्तियों में स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाया

जौनपुर(आरएनएस )। सेवा भारती एवं सेवा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर नगर एवं उपनगरों के 22 सेवा बस्तियों में एक साथ निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 4258 जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। नगर के जोगियापुर, मियापुर, पीली कोठी, हरदीपुर, ओलंदगंज, मतापुर, पचहटिया, चौकिया, वाजिदपुर दक्षिणी, नईगंज मुरादगंज, कलीचाबाद, उमरपुर, ढालगर टोला, शिवापार, जमैथा के साथ–साथ शाहगंज नगर के शिवाजी बस्ती व बजरंग बस्ती, खेतासराय के महरौड़ा, गौराबादशाहपुर सरस्वती शिशु मंदिर, कचगांव राम जानकी मठ, जफराबाद प्राथमिक विद्यालय तथा केराकत में निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। सेवा प्रमुखयुद्धवीर जी ने कई सेवा बस्तियों के स्वास्थ्य सेवा शिविर का भ्रमण किया तथा कहा कि वंचित वर्ग की विभिन्न माध्यमों से की गई सेवा ही सही मायने में समाज में मानवीय गुणों को प्रतिस्थापित करने में मदद करता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। जिला संघचालक डॉ0 सुभाष सिंह ने कहा कि सेवा शिविर से समाज के हजारों जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ मिला है तथा इससे सामाजिक समरसता स्थापित करने में बहुत मदद मिलेगी। जिला महामंत्री देवेश गुप्ता ने किया।

# शहीद त्रिलोकी नाथ कपूर की शहादत को नमन

विजडम इंडिया
प्रयागराज (विनोद द्विवेदी जिला संवाददाता) शहीदवॉल पर आज प्रयागराज के शहीद त्रिलोकी नाथ कपूर की शहादत पर पुलिस ने सम्मान में राष्ट्र धुन बजाई तथा लोगों ने एक दीपक



जलाकर उनको नमन किया।
इस अवसर पर शहीदवॉल के संस्थापक वीरेंद्र पाठक ने बताया कि 13 अप्रैल 1932 को आंदोलन कार्यों का एक जुलूस पुराने शहर से निकल रहा था इसी समय सामने से अंग्रेज खड़े हो गए और भारतीयों को आदेश दिया कि जमीन पर लेट जाएं अंग्रेजों ने हवा में गोलियां भी चलाई। त्रिलोकी नाथ कपूर जो युवा थे आजादी का जज्बा लिए थे उन्होंने बिना डरे अपना सीना ताने खड़े रहे।
अंग्रेजों ने त्रिलोकी नाथ कपूर का सीन गोलियों से छलनी कर दिया। त्रिलोकीनाथ का फूल शहादत को प्राप्त हो गए।
वह सी ए वी के छात्र थे और उनकी उसे समय उम्र मात्र 16 वर्ष की।
इस अवसर पर श्रीमती प्रीति रावत, वी के मिश्रा ने भी शहीदों पर प्रकाश डाला, व कार्यक्रम में भाग लिया।

# शक्ति वंदन भाजपा का ऐतिहासिक कदम सीमा द्विवेदी

जौनपुर(आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति वंदन अधिनियम के कार्यान्वयन और आगामी योजनाओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसको राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने संबोधित किया। राज्य सभा सांसद ने बताया कि संसद के आगामी विशेष सत्र मेंअधिनियम से जुड़ी तकनीकी बाधाओं को दूर किया जाएगा और नए प्रस्ताव के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 816 करने की योजना है, जिससे महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित होंगी। बताया कि अब 2027 की जनगणना की प्रतीक्षा किए बिना, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि 2029 में महिलाएं अपना हक पा सकें जन–जागरण अभियान के तहत आगामी 15 से 17 अप्रैल तक पूरे जिले में श्नारी शक्ति पदयात्राश् और स्कूटी रैलियों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल बूथ स्तर पर महिला संवाद कार्यक्रम।15–16 अप्रैलरू श्शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन। टी डी कालेज की प्रिंसिपल अर्चना सिंह ने कहा कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर मातृशक्ति से अपील करती है कि वे इस अभियान से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करें उन्होंने विपक्षी दलों से भी अपील की कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करे उन्होंने यह भी बताया कि यह अधिनियम पंचायतों से लेकर संसद तक महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता और उनकी भागीदारी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

# समाज सुधारक और संविधान के शिल्पी थे बाबा साहेब

जौनपुर(आरएनएस )। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओ का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों एवं संख्या के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रज्जू भैया संस्थान में पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों एवं उनके सामाजिक योगदान को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इन प्रतियोगिताओ में सफल प्रतिभागियों को डॉ अम्बेडकर की जन्मजयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। मुख्य वक्ता विधि संकाय, टी डी कॉलेज के रमेश चंद्र यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता और भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उनका जीवन दर्शन समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष करते हुए दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। श्रमिकों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा।

# बच्चों को शिक्षा से जोड़ना आवष्यक

जौनपुर(आरएनएस )। रामपुर नगर पंचायत स्थित बीआरसी पर सोमवार को मड़ियाहूं विधायक डॉक्टर आर के पटेल व रामपुर नगर अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल , और अपना दल जिला अध्यक्ष विकासखंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकगण व परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें स्कूलों में प्रवेश दिलाना है। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, अभिभावकों और बच्चों ने हिस्सा लिया। मड़ियाहूं विधायक डॉक्टर आर के पटेल द्वारा अधिक से अधिक छात्रों का नामांकन करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है जो एक सफल जीवन जीने के लिए आवश्यक सूत्र है। शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक, गीत और नारे लगाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के विभिन्न लाभों के बारे में बताया और उन्हें स्कूलों में नामांकन के लिए प्रेरित किया। बताये की शिक्षा से ही बदलाव लाया जा सकता है । पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरेरी में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार उपाध्याय केशरलाल, अनीता शर्मा,

# राजनीतिक सशक्तिकरण ही कायस्थ समाज की प्रगति अजय शंकर

जौनपुर(आरएनएस )। स्थानीय मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय के सभागार मेंआयोजित कायस्थ चेतना संगोष्ठी में कायस्थ समाज की एकजुटता और राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज का इतिहास देश की आजादी से लेकर स्वतंत्र भारत तक गौरवशाली रहा है। चाहे प्रशासनिक सेवाएं हों या राजनीति, हर क्षेत्र में कायस्थों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज राजनीतिक रूप से हाशिए पर पहुंचता जा रहा है, जिसका मुख्य कारण टिकट वितरण में उपेक्षा है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज को अब स्वयं आगे आकर राजनीतिक रूप से सशक्त बनना होगा, तभी अन्य क्षेत्रों में भी मजबूती आएगी।राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र कुमार सिंन्हा ने कहा कि उन्हें स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, जयप्रकाश नारायण और राजेंद्र प्रसाद जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।गोरखपुर मंडल अध्यक्ष अमरेश श्रीवास्तव ने ओजस्वी भाषण में कहा कि वर्तमान समय में समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि चुनाव में कायस्थ समाज ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अध्यक्षता आनंद मोहन श्रीवास्तव ने की, संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना द्वारा किया गया।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर(आरएनएस )। रामपुर थाना अंतर्गत सिधवन पेट्रोल पंप के सामने जौनपुर–भदोही नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय यादव के रूप में हुई है, जो सेरवा प्रकाशपुर, भदोही का निवासी था। वह अपनी मोटरसाइकिल से सिधवन बाजार दवा लेने जा रहे थे, तभी जौनपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।गंभीर रूप से घायल संजय यादव को तत्काल जीवनदीप अस्पताल, भदोही ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के भाई रामलोलरक यादव ने रामपुर थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने अज्ञात सफेद कार चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है।तहरीर के आधार पर, रामपुर पुलिस ने रविवार रात अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर(आरएनएस )। रामपुर थाना अंतर्गत सिधवन पेट्रोल पंप के सामने जौनपुर–भदोही नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय यादव के रूप में हुई है, जो सेरवा प्रकाशपुर, भदोही का निवासी था।
वह अपनी मोटरसाइकिल से सिधवन बाजार दवा लेने जा रहे थे, तभी जौनपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।गंभीर रूप से घायल संजय यादव को तत्काल जीवनदीप अस्पताल, भदोही ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के भाई रामलोलरक यादव ने रामपुर थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने अज्ञात सफेद कार चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है।तहरीर के आधार पर, रामपुर पुलिस ने रविवार रात अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

समाज सुधारक और संविधान के शिल्पी थे बाबा साहेब

जौनपुर(आरएनएस )। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओ का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों एवं संख्या के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रज्जू भैया संस्थान में पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों एवं उनके सामाजिक योगदान को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया।

# कूटनीति के जरिए पेट्रोलियम आपूर्ति को रखा बरकरार

भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था। लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है।28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले के बाद पूरी दुनिया की चिंता ऊर्जा को लेकर थी। आज की दुनिया ऊर्जा के लिए जीवाश्म तेलों पर सबसे ज्यादा निर्भर है, जिसे हम पेट्रोल और डीजल के रूप में जानते हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक गैस भी आज ऊर्जा की बड़ी स्रोत है। ईरान पर हमले के पहले बहुत लोगों ने होमुर्ज जलडमरूमध्य का नाम नहीं सुना था, लेकिन आज हर पढ़ा–लिखा और सचेत शख्स इसे जान गया है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित इस संकरे समुद्री रास्ते पर ईरान का कब्जा है। इसके जरिए पूरी दुनिया को आपूर्ति होने वाला बीस प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थ इसी रास्ते से गुजरता रहा है। जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। लेकिन भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी।

भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था। लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है। वैसे तो होमुर्ज पर ओमान का भी दावा माना जाता है, लेकिन हकीकत में इस जलमार्ग पर पूरी तरह ईरान का दबदबा है। हमले के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस रास्ते पर ना सिर्फ निगरानी बढ़ा दी है, बल्कि सीमित आवाजाही हो ही मंजूरी दी है। भारत को इसकी आशंका थी, इसलिए उसने खाड़ी के देशों से तेल आयात के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया। संकट के क्षण में भले ही ईरान ने भारत के प्रति सहयोगी रूख अख्तियार कर रखा है, लेकिन भारत ने 'केप ऑफ गुड होप' यानी अफ्रीका के दक्षिण से गुजरने वाले जलमार्ग का भी उपयोग बढ़ा दिया है। इस बीच भारत ने कूटनीतिक प्रयास जारी रखा। इसका असर यह हुआ कि ईरान भारतीय जहाजों को होमुर्ज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। एलपीजी लदा एक जहाज कोचीन आ चुका है और ऐसे ही कुछ और जहाज तेल और गैस



लेकर भारत आ रहे हैं। इस बीच भारत ओमान की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को अपनी नौसेना के जरिए सुरक्षा दे रहा है। भारत सरकार के अनुसार, भारतीय रिफायनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ है कि भारत में जिस तरह की महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी। हालांकि उद्योगों के लिए आपूर्ति किए जाने वाले व्यवसायिक गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों और व्यवसायिक गैस की आपूर्ति कम होने के चलते खाने–पीने वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। महानगरों में सर्वसुलभ ठेले की चाय की कीमतें डेढ़ गुनी तक बढ़ चुकी हैं। लेकिन आपूर्ति श्रृंखला जारी रहने के चलते स्थिति खराब नहीं हुई है। जबकि पड़ोसी पाकिस्तान में आधी गाड़ियों को ही सड़कों पर उतरने की अनुमति है, वहां पेट्रोल भारत के मुकाबले करीब ढाई गुनी ऊंची दर पर मिल रहा है। पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद कूटनीति की कमान प्रधानमंत्री मोदी ने संभालते हुए युद्ध शुरू होने के महज 48 घंटों के भीतर आठ खाड़ी देशों संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत,ओमान, कतर, जार्डन, ओमान, बहरीन और इजरायल के नेताओं से बात की। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां और मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम से बात की। इस बातचीत का मकसद वैश्विक हालात पर चर्चा के साथ ही भारतीय हितों को सुनिश्चित करना भी था। इस बीच 'गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल' के महासचिव जासेम मोहम्मद अल बुदैवी से फोन पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बात की है। इस बातचीत का मकसद खाड़ी देशों के इस संगठन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के साथ ही भावी ऊर्जा संकट से भारत को मुक्ति दिलाने को लेकर रणनीति बनाना भी है। इसके पहले भारत हरदीप पुरी ने कतर की यात्रा की थी। दरअसल भारत इन देशों से भी पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बढ़ाना चाहता है। भारत की कोशिश ईरान के विकल्प के रूप में अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों का भी सहयोग हासिल करने की है। भारत को अपनी खेती के लिए रासायनिक खाद की भी जरूरत पड़ती है। भारत में खाद उत्पादन के लिए पेट्रोलियम पदार्थों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। बेशक रूस से भारत को कच्चा तेल और खाद की सामग्री मिल रही है, लेकिन भारत की कोशिश आपूर्ति को विविधरंगी बनाए रखना है। इसकी वजह यह है कि किसी एक देश पर किसी खास आयात के लिए पूरी तरह निर्भर होना भविष्य में ब्लैकमेलिंग की वजह बन सकता है। भारत के पास आज करीब साठ करोड़ का ऐसा विशाल मध्य वर्ग है, जिसकी खरीद क्षमता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शायद ही कोई उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादक देश ऐसा होगा, जिसे भारत की जरूरत महसूस नहीं होगी। लेकिन भारत की अपनी जरूरतें भी हैं और यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था में अगर किसी चीज की गंभीर कमी होती है तो अफरातफरी का माहौल उत्पन्न होना आसान हो जाता है। इसमें महंगाई भी बढ़ती है। महंगाई बढ़ने से लोक के बीच नाराजगी बढ़ती है और फिर यह गुस्सा राज व्यवस्था के खिलाफ आंदोलनों के रूप में मुखर होता है। तेल और ईरान संकट को देखते हुए भारत ने कूटनीतिक कार्रवाई करते हुए जिस तरह अपनी जरूरतों के लायक आपूर्ति का संतुलन बनाए रखा है, वह गौर करने लायक है। –उमेश चतुर्वेदी

## सम्पादकीय

### तजुर्बे को झेलना आसान नहीं

शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी एक–ध्रुवीय दुनिया में ऐसी मिसाल ढूंढे नहीं मिलेगी। ईरान का यह एलान चौंकाने वाला है कि वह अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर लड़ाई रोकेगा। ईरान ऐसा करने की स्थिति में आखिर कैसे पहुंचा?

कोई देश अमेरिकी फॉर्मूले को ठुकरा कर युद्ध खत्म करने के लिए अपनी शर्तें पेश करे, दुनिया के लिए यह नया तजुर्बा है। खासकर शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी एक–ध्रुवीय दुनिया में ऐसी मिसाल ढूंढे नहीं मिलेगी। इसीलिए ईरान का यह एलान चौंकाने वाला साबित हुआ कि वह अपनी शर्तों और अपने चुने हुए समय पर लड़ाई रोकेगा। ईरान ऐसा करने की स्थिति में पहुंचा, तो उसकी संभवतरू तीन वजहें हैं। एक तो वहां का नेतृत्व मरने–मारने की मनोदशा में है, दूसरे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने जारी वार्ता के बीच दो बार हमले कर अपनी साख गंवा दी है, और तीसरे लगभग चार हफ्तों में ईरान ने युद्ध की कथा बदल डाली है।

ईरान की जबरदस्त बर्बादी एक तथ्य है। अमेरिका के मुताबिक उसने लगभग दस हजार ईरानी ठिकानों पर बमबारी की है। मगर लड़ाई का एक दूसरा पक्ष भी है। अमेरिका के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिका के 13 सैनिक अड्डों को इस तरह तबाह किया है कि वहां किसी का रहना संभव नहीं रह गया है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान लगभग 20 अमेरिकी लड़ाकू विमान या तो नष्ट कर दिए गए या वे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें अमेरिका का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान एफ–35 भी है। इसी तरह अमेरिका के बहुचर्चित बेड़े अब्राहम लिंकन और जेराल्ड फोर्ड पर ईरान ने मिसाइलें दागीं, जिनसे उन्हें नुकसान होने की चर्चा रही है।

इस बीच इजराइल के अंदर ईरानी मिसाइलों ने अंदर तक घुस कर मार की है। ऐसे में नए ईरानी नेतृत्व का आकलन संभवतरू यह है कि जमीनी हमले की तैयारी के साथ–साथ अमेरिका युद्धविराम का फॉर्मूला भी भेज रहा है, तो उस पर यकीन नहीं किया जा सकता। फिर, जब युद्ध में ईरान को अपने सर्वोच्च नेतृत्व को गंवाने से लेकर जान–माल की व्यापक क्षति झेलनी पड़ी है, तो पुराने मुद्दों और उन्हीं अमेरिकी शर्तों पर फिर बात करने का कोई तुक नहीं रह जाता। तो ईरान ने अमेरिकी फॉर्मूला ठुकरा दिया है। अमेरिकी शासक वर्ग के लिए इस तजुर्बे को झेलना आसान नहीं होगा।

### खालसा पंथ की स्थापना और फसलों की कटाई की खुशी का पर्व है बैसाखी

बैसाखी का पावन पर्व सिख इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है जब गुरु गोबिंद सिंह जी ने सन 1699 में आनंदपुर साहिब की पावन धरती पर खालसा पंथ की स्थापना की थी, उस समय उनका नाम गोबिंद राय था।

यह स्थापना किसी साधारण धार्मिक आयोजन का परिणाम नहीं थी बल्कि उस समय के सामाजिक अन्याय, धार्मिक अत्याचार और मानवाधिकारों के हनन के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था ।

उस समय समाज में भय, भेदभाव और जबरन धर्म परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही थीं, आम जनमानस में साहस और आत्मसम्मान की कमी हो रही थी । ऐसे समय में गुरु गोबिंद सिंह जी ने एक ऐसे पंथ की स्थापना की जो न केवल आध्यात्मिक रूप से जागरूक हो बल्कि अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस भी रखे ।

खालसा पंथ का मूल उद्देश्य था संत सिपाही तैयार करना जो भक्ति और शक्ति दोनों का संतुलन बनाए रखे।

बैसाखी के ऐतिहासिक दिवस पर गुरु गोबिंद राय जी ने विशाल सभा में आह्वान किया कि जो देश धर्म के लिए अपने प्राणों का त्याग कर सकता है वो सामने आए ।

सभा में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया फिर पीछे से एक व्यक्ति उठा और सहजता से चलते हुए गुरु गोबिंद सिंह जी के पास आया और बोला कि मैं अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार हूं गुरु गोबिंद सिंह जी उस समय गोविंद राय कहलाते थे उन्हें अंदर ले गए और पंडाल के पीछे से तलवार चलने की जोरदार आवाज आई और खून की धार सभा की तरफ बहने लगी, गुरुजी बाहर आए उनके हाथों में रक्त रंजित तलवार थी उन्होंने दोबारा आवाज लगाकर पूछा कि और कौन गुरु का प्यारा देश और धर्म के लिए जान दे सकता है फिर एक व्यक्ति उठा और उसने भी देश धर्म के लिए अपने प्राण कुर्बान करने की बात कही गुरुजी उससे भी अंदर ले गए फिर जोरदार आवाज और खून की धार, इस तरह एक.एक कर पांच लोगों को गुरु जी पंडाल के पीछे ले गए और खून की धार बाहर बहती रही पूरी सभा में सन्नाटा था लोग आश्चर्य में थे कि गुरु जी ने यह क्या किया ? क्यों किया ? यह परीक्षा केवल आस्था की नहीं बल्कि समर्पण, साहस और विश्वास की थी । जब

# तीन राज्यों में बंपर वोटिंग ने क्या संदेश दिया? क्या जनादेश अभी से साफ नजर आ रहा है?

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है।असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है।सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है।असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं।

यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है।हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना।केरल चुनावअब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है।केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले चुनाव से अधिक है।

# महिला आरक्षण-नया आयाम, क्यूँ जरूरी ?

बृजमोहन श्रीवास्तव

आज देश में सबसे चर्चित विषय महिला आरक्षण है और इसका महत्व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के लेख से और अधिक हो गया है ।इसलिए यह जरूरी है कि इस आरक्षण के लिये हमारी तैयारी पर भी बात होना चाहिए ।

बात 1993–94 की है, जब मध्य प्रदेश में 73वें संविधान संशोधन के बाद पहली बार पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों की घोषणा हुई। चूँकि ये चुनाव किसी राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह पर नहीं होने थे, इसलिए सभी नेता अपने–अपने समर्थित उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में थे।

मैंने व भोपाल सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अनिरुद्ध प्रसाद शास्त्री जी ने यह निर्णय लिया कि हम भोपाल जिले की सभी पंचायतों व अन्य स्थानों में अपने प्रत्याशी खड़े करेंगे।

चुनाव की तैयारी के प्रथम चरण में जब महिला प्रत्याशियों की तलाश शुरू की तो हमें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा क्योंकि संशोधन के कारण 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिये आरक्षित तो थे ही मगर उसमें भी पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए भी आरक्षण निर्धारित था। इसके चलते योग्य और इच्छुक महिला उम्मीदवारों का मिलना कठिन था।

जनपद सदस्य के लिये एक वार्ड अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित था। जब हमने उस वार्ड के लिए मतदाता सूची में महिला प्रत्याशी की तलाश शुरू की तो समझ आया कि चयन बहुत सीमित मतदाताओं में से ही करना पड़ेगा । तब हमें अपने एक समर्थक के खेत में काम करने वाली आठवीं पास युवा महिलाकृआशा मिली ।

जब हमने उस युवती के सामने चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा उसने आश्चर्य के साथ बस इतना ही कहा जैसा भैय्या बोलें मगर उसका अगला सवाल था – रोजी रोटी का क्या होगा और करना क्या पड़ेगा ? हमने उसे बताया कि चुनाव में लोगों से वोट मांगना होगा और जीतने के बाद जनपद सदस्य के रूप में जनता के लिए काम करना होगा। वहीं मेरे समर्थक ने उसे नौकरी चलते रहे का आश्वासन दिया । अपने पति से बातचीत कर वह चुनाव के लिए तैयार हो गई । उसके नामांकन के बाद चुनाव प्रचार के दौरान मैंने उसे वोट माँगते समय उसमें आ रहे बदलाव को करीब से महसूस किया और इस बदलाव की छलक एक छोटी–सी आम सभा में देखी । हम सभी का मानना था कि वह भाषण नहीं दे पायेगी मगर उसने सबको गलत साबित करते हुए भाषण दिया और ऐसा बोला कि देर तक तालियाँ बजती रहीं । उसने बहुत ही सरल, लेकिन आत्मविश्वास से भरे शब्दों में कहाकृ मैं इसी गाँव की बेटी हूँ । जब मैं यहाँ से निकलती थी, तो मेरे पैर मिट्टी में सन जाते थे । अगर मैं चुनाव जीती तो मेरी कोशिश होगी कि अब गाँव में किसी भी बेटी के पैर मिट्टी में नहीं सने। उसके ये शब्द वहाँ उपस्थित हर व्यक्ति के मन में गहराई तक उतर गए थे । मैंने उस कम शिक्षित, मजदूर आशा को आशा देवी बनने की यात्रा को करीब से देखा । मैं एक साधारण महिला को राजनेता बनते देख रहा था और यह इसलिए हो रहा था क्योंकि मुकघबले में महिलायें ही थी।

वह चुनाव तो हार गई मगर चुनाव लड़ने से उसमें जो आत्मविश्वास पैदा हुआ उसने एक महिला नेत्री को जन्म दिया ।वह इससे आगे के चुनाव लड़ने की ख्वाहिश होने के बावजूद भी पिछड़ गई, मैं आज जब पूरे हालात का विश्लेषण करता हूँ तो मुझे लगता है कि यदि उसे पुरुष नेताओं के साथ संघर्ष नहीं करना होता तो शायद वह आज कम से कम जिला स्तर पर तो काम कर रही होती ।

यह एक महिला के नेता बनने और फिर गुमनाम होने की कहानी नहीं है बल्कि प्रतिभा, संकल्प और उर्जा से भरीं लाखों महिलाओं की बात है । पिछले तीस–पैंतीस सालों में जब से महिला सशक्तिकरण के लिये लोकसभा–विधानसभा में महिला आरक्षण की माँग उठी है तब लेकर अब तक सार्वजनिक क्षेत्र की कई संस्थायें जैसे स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सहकारिता, कारपोरेट, कानूनी संस्थाओं और अन्य संगठनों में महिलाओं को जो आरक्षण मिला, उसने देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को एक नई दिशा दी है ।

महिला आरक्षण के कारण लाखों महिलाओं ने विभिन्न पदों पर काम करके प्रशासनिक व चुनावी अनुभव प्राप्त कर लिया है ।आज देश का कोई ऐसा सार्वजनिक मंच नहीं है जहाँ महिलाएँ नेतृत्व नहीं कर रही हो ।

जिस चुनाव का मैंने ज़िक्र किया है उसे बीते लगभग पैंतीस वर्ष बीत चुके हैं मगर आज जब पीछे मुड़कर देखता हूँ कि विश्वास से भर जाता हूँ कि हमारी आबादी का पचास प्रतिशत अब कघनून बनाने के लिये पूरी तौर से तैयार है, इसलिए इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिये अन्तिम कदम उठाने में देरी करना ठीक नहीं हैं क्योंकि आज देश की महिलाएँ न केवल जागरूक हैं, बल्कि राजनीतिक रूप से परिपक्व भी हो चुकी हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि उन्हें देश के सर्वोच्च नीति–निर्माण मंचों पर कानून बनाने का भी समान अवसर मिलना चाहिए ।

सालों की लंबी बहस के बाद आखिरकार वह ऐतिहासिक क्षण सितंबर 2023 में आया जब हमारी संसद ने लम्बी सार्थक बहस के बाद 106वें संविधान संशोधन को मंजूरी देते हुए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया । इस कानून के तहत अब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है ।हम सब जानते हैं कि आज तक देश में बने कघनूनों मे पुरुषों की भागीदारी अधिक रही है फलस्वरूप कघनूनों में पुरुष सोच का वर्चस्व रहा है जो कि स्वाभाविक है। यही कारण रहा कि महिलाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कानून समय पर नहीं बन सके। इसके चलते हमारे लोकतंत्र में अनेक ऐसी योग्य महिलाओं अवसरों से वंचित रह गई , जो उत्कृष्ट नेतृत्व दे सकती थीं ।

अब यह कानून उस ऐतिहासिक कमी को दूर करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इसके माध्यम से महिलाओं को यह संवैधानिक अधिकार मिलेगा कि वे उन सीटों से चुनाव लड़ सकें, जो उनके लिए आरक्षित होंगी। इससे न केवल महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि देश के लोकतंत्र में एक नई ऊर्जा और संतुलन स्थापित होगा ।

देश में एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार इस बात पर बल देते रहे हैं कि महिलाओं को आरक्षण बहुत पहले मिल जाना चाहिए था मगर उनका स्पष्ट मानना है कि इसमें और देरी स्वीकार नहीं है । उन्होंने नारी शक्ति को लोकतंत्र में पूर्ण अवसर देने का संकल्प लेते हुए हर हाल में इस विधेयक को लागू करने की प्रतिबद्धता समय समय पर व्यक्त की है।

यही कारण है कि अब यह विश्वास मजबूत होता जा रहा है कि वर्ष 2029 के लोकसभा चुनावों में हम 33 प्रतिशत आरक्षण के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं को संसद में देख सकेंगे।

यह सत्य है कि यह संशोधन जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है, लेकिन जिस दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में प्रयास हो रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि अब वह दिन दूर नहीं जब भारत की महिलाएँ संसद में बैठकर देश के कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएँगी। यह केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि यह

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता–पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे।

वृष राशि–
आज करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेसमैन को काम में नए कुछ बेहतर अवसर मिलेंगे।

मिथुन राशि–
आज दांपत्य रिश्ते के बीच चल रही अनबन खत्म होगी। रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं।

कर्क राशि–
आपका रुझान आज सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। आज पड़ोसियों के साथ आपकी मीटिंग भी हो सकती है। साथ ही अपने परिवेश में साफ सफाई के मुद्दे पर अपने पड़ोसियों के साथ विचार विमर्श करेंगे। गृहस्थ जीवन खुशहाल रहेगा।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप मन में चल रही है बातों को किसी के सामने उजागर नहीं होने देंगे, नहीं तो लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

कन्या राशि–
आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी कुछ अधूरी इच्छाएं पूरी होगी। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कम मेहनत से बड़ी सफलता मिल सकती है।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। माता–पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आज आप उपहार लेकर आ सकते हैं।

वृश्चिक राशि–
आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आज अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाये रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्साहवर्धक रहेगा। आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा।

मकर राशि–
आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिए अच्छा है।

कुंभ राशि–
आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपकी अधूरी इच्छा पूरी होगी। आज आपको उम्मीद से अधिक धन प्राप्त हो सकता है। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे हो जाएंगे।

मीन राशि–
आज आपका दिन खास रहेगा। आज करियर के मामले में

# बहला-फुसलाकर जेवर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार, कैसरबाग पुलिस ने बरामद किए टाप्स व लॉकेट

लखनऊ, (आरएनएस )। थाना कैसरबाग पुलिस ने महिला को बहला—फुसलाकर जेवर ठगने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद रुपये और पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे में बढ़ोतरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।पुलिस के अनुसार, दिनांक 04 अप्रैल 2026 को वादिनी पिंकी, निवासी पुराना बरफ खाना उदयगंज थाना हुसैनगंज, ने थाना कैसरबाग में लिखित सूचना दी थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रास्ते में बहला—फुसलाकर धोखाधड़ी करते हुए उसके कान के टॉप्स और मंगलसूत्र ले लिए। तहरीर के आधार पर थाना कैसरबाग में मुकदमा संख्या 61൸2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम ने आसपास लगभग 15 किलोमीटर क्षेत्र में लगे करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अवलोकन किया और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की सहायता से संदिग्धों की तलाश शुरू की।11 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सआदत अली मकबरे के पास घेराबंदी की, जहां एक गुमटी के पास बैठे तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम शंकर राठौर, सुनील राठौर और प्रदीप राय बताए। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने विधानसभा मार्ग पर एक महिला को बहला—फुसलाकर उसकी ज्वैलरी ठगी थी और पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे।पुलिस ने तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 490 रुपये नगद, एक पीली धातु का लॉकेट (लगभग 2.3 ग्राम) तथा एक जोड़ी पीली धातु के टॉप्स (प्रत्येक लगभग एक ग्राम) बरामद किए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और सीधी—सादी महिलाओं को विश्वास में लेकर लालच देकर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते थे।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) व 61(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त शंकर राठौर का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें बदायूं और गोरखपुर में धोखाधड़ी एवं एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।

# बहला-फुसलाकर जेवर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार, कैसरबाग पुलिस ने बरामद किए टश्प्स व लश्केट

लखनऊ, (आरएनएस )। थाना कैसरबाग पुलिस ने महिला को बहला—फुसलाकर जेवर ठगने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद रुपये और पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे में बढ़ोतरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।पुलिस के अनुसार, दिनांक 04 अप्रैल 2026 को वादिनी पिंकी, निवासी पुराना बरफ खाना उदयगंज थाना हुसैनगंज, ने थाना कैसरबाग में लिखित सूचना दी थी कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रास्ते में बहला—फुसलाकर धोखाधड़ी करते हुए उसके कान के टॉप्स और मंगलसूत्र ले लिए। तहरीर के आधार पर थाना कैसरबाग में मुकदमा संख्या 61൸2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम ने आसपास लगभग 15 किलोमीटर क्षेत्र में लगे करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अवलोकन किया और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की सहायता से संदिग्धों की तलाश शुरू की।11 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सआदत अली मकबरे के पास घेराबंदी की, जहां एक गुमटी के पास बैठे तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम शंकर राठौर, सुनील राठौर और प्रदीप राय बताए। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने विधानसभा मार्ग पर एक महिला को बहला—फुसलाकर उसकी ज्वैलरी ठगी थी और पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे।पुलिस ने तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 490 रुपये नगद, एक पीली धातु का लॉकेट (लगभग 2.3 ग्राम) तथा एक जोड़ी पीली धातु के टॉप्स (प्रत्येक लगभग एक ग्राम) बरामद किए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और सीधी—सादी महिलाओं को विश्वास में लेकर लालच देकर इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते थे।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) व 61(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त शंकर राठौर का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें बदायूं और गोरखपुर में धोखाधड़ी एवं एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं।

# योजित, 122 पुलिसकर्मियों ने लिया भाग

लखनऊ,(आरएनएस ) । उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के क्रम में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा पैरोकारों के कार्य एवं कर्तव्यों के संबंध में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित संगोष्ठी सदन में किया गया। कार्यक्रम पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में आयोजित हुआ।यह प्रशिक्षण संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार तथा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अमित कुमावत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त (महिला अपराध൸ट्रेनिंग सेल) सौम्या पाण्डेय के पर्यवेक्षण में किया गया।पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के अंतर्गत प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न थाना एवं इकाइयों से कुल 122 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सत्र को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए आधुनिक तकनीकी संसाधनों और उन्नत प्रशिक्षण पद्धतियों का प्रभावी उपयोग किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक प्रत्यूष दुबे, पीओ, कमिश्नरेट लखनऊ ने समस्त पैरोकारों को उनके कार्य एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने न्यायालय और थाना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर विशेष जोर देते हुए व्यावहारिक एवं प्रभावी कार्यप्रणाली साझा की।कार्यशाला में पैरोकारों को न्यायालय—थाना समन्वय की प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। उन्हें निर्देश दिए गए कि न्यायालय के दिशा—निर्देशों को समयबद्ध रूप से थाने तक तथा थानों की रिपोर्ट को न्यायालय तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सम्मन एवं वारंट की प्रक्रिया की नियमित जानकारी थानों को उपलब्ध कराने तथा लंबित एवं पुरानी कोर्ट फाइलों का समय—समय पर आकलन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पैरोकारों को उनके दायित्वों के प्रति अधिक जागरूक और उत्तरदायी बनाना तथा न्यायालय एवं थाना के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना रहा।भविष्य की कार्ययोजना के तहत ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करने, पैरोकारों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध और सुचारु रूप से संचालित करने के लिए निरंतर समीक्षा किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक इकाई में तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों का विकास और नई तकनीकों को कार्यप्रणाली में शामिल करने पर भी बल दिया गया।अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और प्रभावी सिद्ध हुआ तथा प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक कार्यों में लागू करने का संकल्प लिया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर मायावती ने किया नमन, शिक्षा व सामाजिक परिवर्तन में योगदान को बताया ऐतिहासिक

लखनऊ(आरएनएस )। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सामाजिक परिवर्तन के पितामह के रूप में प्रसिद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बहुजन समाज में अति—पिछड़े वर्ग में जन्मे महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर उनकी ओर से तथा बहुजन समाज पार्टी की ओर से शत—शत नमन व श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाते हैं।उन्होंने कहा कि विशेषकर शिक्षा के माध्यम से स्त्री—शक्ति को आगे बढ़ाने में महात्मा ज्योतिबा फुले तथा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। महात्मा ज्योतिबा फुले के शब्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "विद्या बिना मति गयी, मति बिना नीति गयी, नीति बिना गति गयी, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद्र हताश हुए और गुलाम बनकर रह गये।" उन्होंने कहा कि यह सब शिक्षा के अभाव का परिणाम था और इसी से प्रेरित होकर आगे चलकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दिया।उन्होंने कहा कि उन्नीसवीं सदी के मध्य में दलितों व शोषितों की मुक्ति के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रभावी प्रयासों के कारण न केवल पुणे, बल्कि पूरे महाराष्ट्र में सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना जागृत हुई और विशेष रूप से नारी मुक्ति व सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य प्रारम्भ हुआ। उन्होंने कहा कि उनके इन संघर्षों और योगदान के लिए जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है।मायावती ने कहा कि ऐसे अति—पिछड़े समाज के महापुरुष की स्मृति और सम्मान में उनकी सरकार थे।

# एसपी की अगुवाई में चलाया गया सफाई अभियान

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए कार्यालय परिसर, ऑफिस एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई की गई। अभियान के दौरान परिसर में सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने कार्य स्थलों पर साफ सफाई बनाए रखें तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर वाचक पुलिस अक्षीक्षक राजीव कुमार सिह, प्रभारी महिला सेल जनसूचना सेल जयप्रकाश उपाध्याय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मोजूद रहे।

# आरसेटी ने उद्यमिता जन जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## -शिविर में 25 बेरोजगार युवक-युवतियों ने प्रशिक्षण के लिए कराया पंजीकरण

चित्रकूट। ग्रामीण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र आरसेटी शिवरामपुर द्वारा ग्राम पंचायत अरछा बरेठी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 18 से 45 वर्ष तक के शिक्षित युवक—युवती बेरोजगारों को प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की राह बताई गई। शिविर में वैसे तो सैकड़ों लोग उपस्थित रहे लेकिन 25 शिक्षित बेरोजगार युवक—युवतियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अपना पंजीकरण कराया है। इनमें 20 युवक और 5 युवतियां प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराया है। बालिकाओं का 20 अप्रैल के बाद एक माह का सिलाई प्रशिक्षण शुरू होगा। आरसेटी के फैकल्टी प्रभारी प्रशांत कुशवाहा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इंडियन बैंक के माध्यम से शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न प्रकार के रोजगार परक प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जा रहा है। किसी एक विशेष कार्य में दक्षता हासिल करके बेरोजगारी का दंश दूर किया जा रहा है। इसके लिए आरसेटी में कई ट्रेड प्रशिक्षण संचालित हैं। अपनी मनपसंद के प्रशिक्षण प्राप्त कर युवक, युवतियां अपना स्वरोजगार कर सकते हैं। रोजगार के लिए भारत सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 5 लाख तक का बिना ब्याज का ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है इस मूलधन की वापसी के लिए सरकार 5 साल का समय देती है। यह योजना बेरोजगारों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब तक हजारों युवक युवतियों ने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना स्वयं का रोजगार संचालित कर अपनी जिंदगी सुखमय तरीके से व्यतीत कर रहे हैं। रामरहीस यादव और तीन—चार युवक, युवतियों ने विद्युत घरेलू उपकरण, सिलाई, ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना रोजगार कर रहे हैं और बेहद खुश हैं। अरछा बरेठी में यह कैंप पहली बार लगाया गया। इस योजना से ग्रामीण युवकों का पलायन रुकेगा जो बच्चे रोजगार के अभाव में गलत दिशा में जा रहे हैं उन्हें अच्छी दिशा मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने गांव घर में ही स्वरोजगार करेंगे। कार्यालय प्रभारी गौरव श्रीवास्तव ने युवकों को कई प्रेरक प्रसंग सुनाकर उन्हें प्रशिक्षण के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक सभासद एवं समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने गांव के युवाओं को सही दिशा देने का प्रयास किया। कहा कि बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जो भी बेरोजगार बाहर रोजी—रोटी की तलाश में भटक रहे हैं वह आरसेटी से अपने मन मुताबिक प्रशिक्षण प्राप्त करके गांव घर में ही रोजगार करें अपने घर परिवार में रहें।

# कामतानाथ परिक्रमा मार्ग की सफाई कर किया जागरुक

चित्रकूट। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कामदगिरि स्वच्छता समिति एवं नगर पालिका परिषद द्वारा रविवार को विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान डीएम पुलकित गर्ग एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के निर्देशन में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में साफ सफाई सुनिश्चित करने के साथ श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान लोगों को कूड़ा इधर उधर न फेंकने, पॉलिथीन का उपयोग न करने तथा डस्टबिन का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने को प्रेरित किया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन नगरी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से गीले एवं सूखे कचरे को पृथक—पृथक देने तथा निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालने का आग्रह किया। अभियान के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया तथा नगरवासियों से भी सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।

# पेट की गैस से मुक्तिदिलाता है सुप्त पवनमुक्तासन : रमेश राजपूत

चित्रकूट। जनपद के मुख्यालय स्थित कुबेर गंज में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योग कराते हुए बताया कि समस्त रोगों की पैदाइश पेट से प्रारंभ होती है। जब पेट में कब्ज रहता है, कब्ज के रोगियों के लिए विशेष गुणकारी योग पवनमुक्तासन के विभिन्न भाग हैं। सुप्तपवनमुक्तासन योग का एक प्रकार है। पवन का अर्थ है गैस अर्थात हवा और मुक्त का अर्थ है समाप्त होना अर्थात वह योग जो पेट की गैस से मुक्ति दिलाता है। मल निष्कासन में कठिनाई, उदर की कमजोरी के कारण होने वाला सर दर्द, रीढ़ को सशक्त बनाने वाला, हृदय विकार ठीक करने वाला, श्वास रोगियों के लिए विशेष लाभकारी है, चेहरे में तेज ओज बढाने वाला, बालों को असमय झड़ने से बचाने वाला, शरीर को छरहरा बनाने में पवनमुक्तासन बहुत ही सहायक सिद्ध है। इसे करने के लिए शवासन की स्थिति में सीधे लेट जाते हैं। दाएं पैर को घुटने से मोड कर जंधा को सीने की तरफ लाते हैं इसके बाद दोनों हाथों के पंजों को आपस में फंसा कर घुटनों पर रखकर श्वास बाहर निकालते हुए हाथों से दबाव देते हुए जंघा को सीने से चिपकाने की कोशिश करते हैं। सिर को ऊपर उठकर नाक से घुटने को स्पर्श कराते हैं। कुछ देर इसी स्थिति में ठहरते हैं फिर पैर को वापस लाकर शवासन में आते हैं। स्वास और आसन के प्रति सजग रहते हुए यही क्रिया दूसरे पैर से दोहराते हैं और दोनों तरफ से इसे 3 से 5 बार तक पैर बदलकर बारी—बारी से करते हैं और अंत में शवासन में विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर सर्वाइकल दर्द में सिर ऊपर उठाकर घुटने से नहीं लगाते। क्रिया को धीरे—धीरे करने की कोशिश करते हैं।

# विवेकानन्दपुरम फायरिंग प्रकरण में फरार चल रहा वारंटी अभियुक्तगिरफ्तार

लखनऊ(आरएनएस )। थाना गुडम्बा क्षेत्रान्तर्गत विवेकानन्दपुरम में वर्ष 2025 में दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग की घटना में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार दिनांक 16 सितम्बर 2025 को विवेकानन्दपुरम क्षेत्र में रुपये के लेन—देन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जिसके दौरान दोनों पक्षों द्वारा जान से मारने की नीयत से असलहे से फायरिंग की गई थी। इस घटना में प्रथम पक्ष के आसिफ गाजी तथा द्वितीय पक्ष के आसिफ अली घायल हो गए थे।घटना के संबंध में प्रथम पक्ष के वादी यासीन पुत्र स्वर्गीय शाकीर अली निवासी विवेकानन्दपुरम कल्याणपुर पश्चिम द्वारा मुकदमा संख्या 381൸2025 धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत आसिफ अली पुत्र अख्तर अली निवासी रामनाथ जनपद देवरिया सहित अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। वहीं द्वितीय पक्ष के वादी आरिफ अली पुत्र अख्तर अली निवासी रामनाथ जनपद देवरिया द्वारा मुकदमा संख्या 383൸2025 धारा 109(1), 125, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत आसिफ गाजी, यासीन गाजी सहित अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। यह विवाद रुपये के लेन—देन के कारण हुआ था।पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में मुकदमा संख्या 383൸2025 से संबंधित एक वांछित अभियुक्त मोहम्मद आसिफ पुत्र स्वर्गीय शाकीर अली को पूर्व में 29 सितम्बर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वहीं अभियुक्त यासीन गाजी पुत्र स्वर्गीय शाकीर अली घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय न्यायालय द्वारा गैर—जमानती वारंट जारी किया गया था।गैर—जमानती वारंट के अनुपालन में दिनांक 10 अप्रैल 2026 को थाना गुडम्बा पुलिस टीम द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्त यासीन गाजी पुत्र स्वर्गीय शाकीर अली, उम्र लगभग 31 वर्ष, निवासी मकान संख्या 53൸54 विवेकानन्दपुरम कल्याणपुर पश्चिम को उसके निवास स्थान से रात्रि लगभग 9रू30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीकृत हैं। वर्ष 2018 में मारपीट, हत्या के प्रयास, धमकी तथा वसूली से संबंधित प्रकरण थाना गुडम्बा में दर्ज है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2019 में थाना इन्दिरानगर में हत्या, अपहरण सहित गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है तथा वर्ष 2019 में ही गिरोहबंद अधिनियम के अंतर्गत भी कार्यवाही की जा चुकी है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# वन विभाग के पुराने कार्यालय में लगी आग

—महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक

चित्रकूट। मानिकपुर कस्बे के व्यस्ततम इलाके बस स्टॉप के सामने स्थित वन विभाग के पुराने कार्यालय में देर रात्रि अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया। आग से वहां रखे पुराने महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटों और धुएं के कारण वन विभाग कार्यालय से सटे घरों में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि "अज्ञात कारणों से पुराने कार्यालय में आग लग गई, जिससे वहां रखे पुराने दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी ब्लॉक परिसर में लघु सिंचाई विभाग के स्टोर में आग लगने से वहां रखे पाइप जलकर नष्ट हो चुके हैं। लगातार सरकारी कार्यालयों में आग लगने की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कुछ कागजो में मृत दर्शाया गया है चोरो का सरगना

चित्रकूट। उप्र व मप्र के जिले के मंदिरों से जेवर चोरी करने वाले गैंग का सरगना आगरा निवासी विजय शुक्ल मूलतः राजापुर का निवासी है। राजापुर में इसके परिवार के सगे कोई सदस्य नहीं रहते हैं। पारिवारिक भाई संतोष कुमार ने बताया कि इसके बारे में तो बताया गया था कि यह मर चुका है। 2004 में राजापुर में एक युवक की हत्या करने पर जेल गया था। जेल से छूटने के बाद से यह राजापुर नहीं आया। क्षेत्र में मंदिरों में चोरी करने फिर हत्या करने के कारण बस्ती के लोग इसका यहां रहने को लेकर आपत्ति करते थे तो यह कस्बा छोडकर चला गया था। पूरे मामले में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी विजय को कुछ कागजों में मृत दशाए जाने की जानकारी मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। आरोपी विजय समेत पकड़े गए मोहन पटेल, बाबर शाह व कामता प्रसाद मौर्य के खिलाफ गैंगस्टर लगाए जाने की तैयारी की जा रही है।

# पुलिस ने 4 वारण्टी किए गिरतार

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित, वारण्टी की गिरतारी को चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 4 वारण्टी गिरतार किए हैं। मऊ थाना के एसआई रामअधार सिंह ने टीम के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी रामप्रसाद उर्फ मेंहदी पुत्र रामखेलावन निवासी बरियारी कलां, राजापुर थाना के एसआई संतोष कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार कटियार ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी गोलू सोनकर उर्फ लंगड पुत्र बब्बू सोनकर निवासी हनुमानगंज, थानाध्यक्ष पहाडी प्रवीण कुमार सिंह ने टीम के साथ वारंटी राजकरन पुत्र सरजुन निवासी ग्राम देवल व रैपुरा थाना के एसआई मुकेश कुमार सिंह ने टीम के साथ वारण्टी मोहित त्रिपाठी पुत्र रामचरन त्रिपाठी निवासी लौरी को गिरतार किया है।

# क्षेत्र भ्रमण कर एंटी रोमियो टीमो ने दिया संदेश

चित्रकूट। मिशन शक्ति का द्वितीय चरण पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन एवं एएसपी सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया। हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।' अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। जिसके तहत जन जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल, कॉलेज, वर्किंग वूमेन, हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम, प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण किए जाते हैं। एंटी रोमियो टीमो ने महिलाओं, किशोरियों को अवगत कराया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है। जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

# प्रसव के बाद दो नवजात की मौत

चित्रकूट। जिले में दो नवजात की प्रसव उपरांत मौत हो गई। शहर के शंकर बाजार निवासी विपुल अग्रहरी ने बताया कि उसकी पत्नी काजल को तेज प्रसव दर्द होने पर शुक्रवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को बच्चा जना। परिजनों के अनुसार डाक्टर व स्टाफ ने बच्चे को कमजोर होने व श्वांस सही तरीके से न ले पाने की बात कही। इसके बाद नवजात की मौत हो गई। इसी क्रम में शनिवार की रात को मऊ सीएचसी में धवाड़ा गांव निवासी अलका देवी ने बच्चा जना। इसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई।

# गायिका आशा भोसले को सचिन तेंदुलकर ने नम आखों से दी विदाई, वीडियो हो रहा वायरल

सचिन तेंदुलकर भी आशा भोसले को अंतिम विदाई देने उनके आवास पर पहुंचे। आशा भोसले के साथ गहरा पारिवारिक संबंधा रखने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के दौरान बेहद भावुक दिखे। मशहूर गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल रविवार को मुंबई में 92 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। उनके जाने से पूरे देश में शोक की लहर है। वहीं पीएम मोदी से लेकर कई सेलिब्रिटी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वहीं आशा भोसले को उनके आवास पर अंतिम विदाई दी गई।क्रिकेट जगत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भी आशा भोसले को अंतिम विदाई देने उनके आवास पर पहुंचे। प्लेबैक क्वीन आशा भोसले के साथ गहरा पारिवारिक संबंध रखने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के दौरान बेहद भावुक दिखे। इस दौरान सचिन के साथ उनकी पत्नी अंजली भी मौजूद रहीं। सचिन आशा भोसले को मां समान मानते थे। बता दें कि, सचिन तेंदुलकर और आशा भोसले के बीच गहरा सम्मान और पारिवारिक स्नेह का रिश्ता था। आखिरी बार आशा 5 मार्च 2026 को सचिन के घर बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी में गई थी। आशा भोसले अक्सर इंटरव्यू में कहती थीं कि सचिन की विनम्रता और मूल्यों ने उन्हें बहुत प्रभावित किया।



# तीसरी हार से नाखुश कप्तान हार्दिक मुबंई इंडियंस के खिलाड़ियों को दिए ये दो अश्पान-

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल का 19वां सीजन अभी तक निराशाजनक रहा है। टीम ने अभी तक तीसरी शिकस्त खाई है। रविवार को आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में भी मुंबई इंडियंस को 18 रन से हार झेलनी पड़ी। इस हार से मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या भी काफी निराश हैं।5 बार की आईपीएल चौंपियन रही मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल का 19वां सीजन अभी तक निराशाजनक रहा है। टीम ने अभी तक तीसरी शिकस्त खाई है। रविवार को आरसीबी के खिलाफ मुकाबले में भी मुंबई इंडियंस को 18 रन से हार झेलनी पड़ी। इस हार से मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या भी काफी निराश हैं। वहीं मैच के बाद मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो सामने आया है जिसमें कप्तान हार्दिक पंड्या टीम के साथियों को दो विकल्प दे रहे हैं। जिसमें कप्तान ने कहा कि या तो होटल के कमरे में जाकर अपने प्रदर्शन के बारे में सोचे या भी एकजुट होकर इसका सामना करें। बता दें कि, आरसीबी ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करके 240 रन बनाए। जिसके जवाब में मुंबई 222 रन ही बना पाई। मुंबई के लिए शेरफेन रदरफोर्ड ने आरसीबी के गेंदबाजों का डटकर मुकाबला किया वह एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने ऐसा किया। वीडियो में हार्दिक पंड्या कहते हैं कि, मेरे ख्याल से हमारे पास दो विकल्प हैं। पहला कि हम अपने कमरे में जाएं और सोचे कि कमियों को कैसे दूर करें। मुझे पता है कि हारना मुश्किल है लेकिन



चलिए सीखते हैं। चलिए हम गायब नहीं होते हैं और सीखते हैं। खेल हमेशा जीतने और सीखने के बारे में होता है हारने के बारे में कभी नहीं। तो चलिए ऐसा करते हैं। एक बार हम होटल लौटेंगे तो साथ में खाना खाएंगे। तब क्रिकेट की बात करेंगे या कुछ और बातें करेंगे, लेकिन हम अपनी कमियों का पता करेंगे। वहीं कप्तान हार्दिक पंड्या गेंदबाजी विभाग से खासे नाराज थे। उन्होंने स्वीकार किया कि जीत की राह पर लौटने के लिए बड़े बदलाव करने पड़ सकते हैं।

# जीत के लिए बेताब केकेआर पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगी सीएसके

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। उन्होंने अपनी अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को चौंकाया।जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। सत्र का





अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने पावरप्ले में सीएसके के गेंदबाजी आक्रमण को एक और आयाम प्रदान किया। बल्लेबाजी की बात करें तो सैमसन सीएसके के लिए अपने पदार्पण सत्र में आखिर रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने पहले छह ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके अपना असली रंग दिखाया। सीएसके के लिए हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। वह संघर्ष कर रही केकेआर के खिलाफ एक बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा। इसी तरह रिंकू सिंह मध्य क्रम में रन बनाने के लिए बेताब हैं और मंगलवार का दिन उनके लिए खास हो सकता है।रहाणे ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभाव छोड़ा है। रोवमैन पॉवेल और ग्रीन ने भी एलएसजी के खिलाफ कुछ रन बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। केकेआर को अगर सीएसके को उसके गढ़ में हराना है तो उसके गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसका असर परिणाम में देखने को मिल रहा है।टीम इस प्रकार हैंरूसीएसकेरू रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजपनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी केकेआररू अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, फिन एलन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, सार्थक रंजन, कार्तिक त्यागी, कैमरन ग्रीन, सौरभ दुबे, दक्ष कामरा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# रजत पाटीदार ने की एडल गिलक्रिस्ट के इस 17 साल पुराने रिकार्ड की बराबरी की

आरसीबी कप्तान ने 17 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जो अभी तक ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के नाम दर्ज था। इसके अलावा रजत पाटीदार ने अपनी ही टीम के पूर्व कप्तान और साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस को पछाड़ दिया है।आरसीबी को 17 साल के लंबे इंतजार के बाद रजत पाटीदार की कप्तानी में पिछले साल 2025 में पहली आईपीएल ट्रॉफी नसीब हुई। वहीं इस साल ही कप्तान रजत पाटीदार का बल्ला हल्ला बोल रहा है। यही कारण है कि आरसीबी कप्तान ने 17 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जो अभी तक ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर



बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के नाम दर्ज था। इसके अलावा रजत पाटीदार ने अपनी ही टीम के पूर्व कप्तान और साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस को पछाड़ दिया है। रजत पाटीदार के बल्ले से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के 20वें लीग मैच में कोहराम देखने को मिला।

# राजीव गांधी स्टेडियम की पिच का हाल, गेंदबाज या बल्लेबाज किसे मिलेगी मदद

राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आज का आईपीएल मैच खेला जाएगा। बेहतरीन लय में चल रही रॉयल्स की टीम आज हैदराबाद को हराकर जीत का पंजा खोलना चाहेगी। जबकि हैदराबाद की टीम जीत की लय में वापसी कर करना चाहेगी। एसआरएच ने 4 में से महज एक ही मैच जीता है। जबकि रॉयल्स अभी तक अजेय रही है।सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आज का आईपीएल मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। बेहतरीन लय में चल रही रॉयल्स की टीम आज हैदराबाद को हराकर जीत का पंजा खोलना चाहेगी। जबकि हैदराबाद की टीम जीत की लय में वापसी कर करना चाहेगी। एसआरएच ने 4 में से महज एक ही मैच जीता



है। जबकि रॉयल्स अभी तक अजेय रही है। हैदराबाद का राजीव गांधी स्टेडियम आईपीएल में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाली जगहों में से एक है। इसलिए एसआरएच की उम्मीदों को इससे कोई फायदान नहीं होगा कि उनके गेंदबाज अभी ठीक से लय में नहीं आए हैं और उन्हें वैभव सूर्यवंशी और बाकी खिलाड़ियों का सामना करना पड़ रहा है। मैच पिच नंबर 3 पर खेला जाएगा। स्पिन 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा की रफ्तार से चल रही है, और पेस उससे थोड़ी कम है। हैदराबाद में अभी काफी गर्मी है जिससे तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रहेगा। हालांकि, ज्यादा ह्यमिडिटी के कारण ये उससे कहीं ज्यादा महसूस होगा। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अब तक 84 आईपीएल मैच खेले गए हैं। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 35 बार यानी 41.67: जीती है। वहीं टारगेट का पीछा करते हुए टीम कुल 48 मैच जीती है जिसका प्रतिशत 57.14 है। टॉस जीतकर जीते गए मैचों की संख्या 32 यानी 38.10 प्रतिशत है। तो टॉस हारकर जीते गए मैच की संख्या 51 यानी 60.71 प्रतिशत है। बिना रिजल्ट वाले मैच 1 है तो हाईएस्ट स्कोर 286ध्6 तो लोएस्ट स्कोर 80 रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की आईपीएल इतिहास में भिड़ंत 21 बार हुई है, जिसमें 12 मैच जीतकर हैदराबाद ने बढ़त बनाई हुई है। वहीं राजस्थान रॉयल्स को इस दौरान 9 जीत मिली है।

# कुनाल पांडया वाला ब्रह्मस्त्र, बोले- पहले से बाउसंर नहीं, बल्लेबाजों को करता हूं सरप्राइज

स्पिनर क्रुणाल पंड्या ने अपनी गेंदबाजी रणनीति का खुलासा करते हुए कहा कि वह बल्लेबाजों को मात देने के लिए सहज रूप से बाउंसर का उपयोग करते हैं, न कि किसी पूर्व–नियोजित योजना के तहत। उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर नियम के दौर में स्पिनरों के लिए कौशल और मानसिक रूप से मजबूत रहने की जरूरत पर जोर दिया।

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा कि वह बाउंसर करने के लिए पहले से योजना नहीं बनाते हैं, बल्कि बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने और उन पर हावी होने के लिए अपनी सहज भावना से इस गेंद का इस्तेमाल करते हैं। क्रुणाल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। आरसीबी ने इंडियन प्रीमियर लीग के इस मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 240 रन बनाए जिससे जवाब में मुंबई की टीम पांच विकेट पर 222 रन ही बना पाई।क्रुणाल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा ''मैंने कभी अलग–अलग और नई चीजें आजमाने से परहेज नहीं किया है क्योंकि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के लागू होने से पहले नंबर छह या सात पर ऑलराउंडर होते थे और बल्लेबाजी का तरीका काफी अलग था। लेकिन अब नंबर आठ पर भी विशुद्ध बल्लेबाज आ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर कौशल की बात करें तो मुकुल (चौधरी) और वैभव (सूर्यवंशी) जैसे युवा खिलाड़ी पहली ही गेंद से लगातार अच्छे शॉट लगा रहे हैं।



एक गेंदबाज के तौर पर मैं कौशल और मानसिक रूप से भी उनसे एक कदम आगे रहना चाहता हूं।''क्रुणाल ने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैं अच्छी तरह से इसे अंजाम दे रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि इस प्रारूप में उंगलियों के स्पिनरों का महत्व बना रहेगा और वे इससे कुछ सीख लेकर अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। क्योंकि सपाट पिचों और आठ बल्लेबाजों की मौजूदगी में उंगलियों स्पिनरों के लिए टीम में जगह बनाना बहुत मुश्किल हो गया है।'' क्रुणाल ने कहा कि वह अपनी शॉर्ट पिच गेंद को लेकर बहुत ज्यादा तैयारी नहीं करते हैं और इसके लिए खास योजना भी नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपने मन की बात सुनता हूं। मैं पहले से यह योजना नहीं बनाता कि मुझे चौथी, पांचवीं या छठी गेंद बाउंसर करनी है। कई बार ऐसा होता है कि मैं लगातार दो बाउंसर फेंकता हूं और अचानक पहली और छठी गेंद भी बाउंसर कर देता हूं।'' क्रुणाल ने कहा, ''लोग अक्सर मेरी बाउंसर और उन गेंदों के बारे में बहुत बातें करते हैं जो देखने में काफी अलग लगती हैं। लेकिन मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी की बुनियादी बातों पर काम किया है।'' विराट कोहली टखने में दर्द के कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ फील्डिंग करने के लिए नहीं उतरे लेकिन क्रुणाल ने कहा कि वह ठीक हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ''मैंने अभी तक फिजियोथेरेपिस्ट से बात नहीं की है, लेकिन मुझे लगता है कि वह ठीक हो जाएंगे। मुझे लगता है कि चिंता की कोई बात नहीं है।'' इस बीच मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड ने स्वीकार किया कि लगातार तीसरी हार के बाद उनकी टीम को रणनीति पर नए सिरे से विचार करना होगा। रदरफोर्ड ने कहा, ''हम हमेशा पिछली हार से सीखते हैं। हमें नए सिरे से रणनीति बनानी होगी और छोटी–छोटी कमियों को दूर करने की कोशिश करनी होगी। हमारी टीम अच्छी है।

## अडानी ग्रुप की जाल डील को फिर लगा ब्रेक, वंदतां की याचिका पर एनसीलाट में अहम सुनवाई टली

एनसीएलएटी ने पीठ में बदलाव के कारण जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेएएल) के लिए अदाणी समूह की बोली के खिलाफ वेदांता की याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। यह मामला एनसीएलटी द्वारा अदाणी की अधिग्रहण योजना को दी गई मंजूरी को वेदांता द्वारा दी गई कानूनी चुनौती से संबंधित है। राष्ट्रीय कंपनी विधिा अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने खनन कंपनी वेदांता समूह की कर्जग्रस्त जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज की बोली के चयन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को स्थगित कर दी। दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण ने उस पीठ की संरचना में बदलाव के कारण सुनवाई स्थगित की जो वेदांता लिमिटेड द्वारा दायर दो अपीलों पर सुनवाई कर रही थी।यह बदलाव पीठ के एक सदस्य की अनुपलब्धता के कारण किया गया है। एनसीएलएटी जल्द ही सुनवाई की अगली तारीख तय करेगा। विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती देते हुए दो याचिकाएं दायर की हैं।

# सीएसके ने दिल्ली को मात देकर दर्ज की पहली जीत, संजू सैमसन ने खेली बेहतरीन पारी

चेन्नई सुपर किंग्स ने एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रनों से हराया। ये सीएसके की इस सीजन की पहली जीत है। सीएसके से मिले 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की पूरी 189 रन बनाकर ऑलआउट हुई। आईपीएल 2026 के 18वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रनों से हराया। ये सीएसके की इस सीजन की पहली जीत है। सीएसके से मिले 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की पूरी 189 रन बनाकर ऑलआउट हुई।चेन्नई सुपर किंग्स से मिले 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी रही। केएल राहुल और पाथुम निसांका ने पहले विकेट के लिए मिलकर 4.6 ओवर में 61 रन जोड़े, राहुल 10 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, निसांका ने 24 गेंदों में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। हालांकि समीर रिजवी



इस मुकाबले में फ्लॉप रहे वह महज 6 रन ही बना पाए और अपना विकेट गंवा बैठे। कप्तान अक्षर पटेल ने एक विकेट झटका। डेविड मिलर भी दिल्ली कैपिटल्स की नैया को पार नहीं लगा पाए वह महज 14 गेंदों में 17 रन ही बना पाए। आशुतोष शर्मा 10 गेंदों में19 रन बनाने के बाद नूर अहमद की गेंद पर अंशुल कंबोज को कैच देकर पवेलियन लौटे। ट्रिस्टन स्टब्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों पर 60 रनों की दमदार पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। आकिब 4 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप यादव 4 रन बनाकर अंशुल कंबोज का शिकार बने। चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से जेमी ओवरटन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 18 रन देकर 4 विकेट निकाले। वहीं, अंशुल कंबोज ने 3 विकेट चटकाए।

चेन्नई ने 20 ओवर में 2 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 212 रन लगाए। संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी इस सीजन में पहली बार अच्छी लय में दिखाई दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 62 रन जोड़े। ऋतुराज 18 गेंदों का सामना करने के बाद 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सैमसन को आयुष म्हात्रे के रूप मेंअच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 68 गेंदों में 113 रन की अहम साझेदारी निभाई। आयुष ने इस दौरान 36 गेंदों में 59 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। वहीं संजू सैमसन ने 52 गेंदों में आईपीएल में अपना चौथा शतक लगाया।

# एक दिन का नया गाना ख्वाब देखूं हुआ रिलीज, नजर आई साई पल्लवी और जुनैद खान की जादुई केमिस्ट्री!

आमिर खान प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म एक दिन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पर्दे पर एक प्यारी सी प्रेम कहानी लेकर आ रही इस फिल्म ने अपने ट्रेलर और गानों से लोगों को बांधे रखा है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए फिल्म का नया गाना ख्वाब देखूं रिलीज हो गया है, जो हमें जुनैद खान और साई पल्लवी के बीच पनपते रोमांस की जादुई दुनिया में ले जाता है।

एक दिन का यह गाना ख्वाब देखूं सुनने में वाकई बहुत सुकून देने वाला है। खूबसूरत वादियों के बीच फिल्माया गया यह गाना साई और जुनैद की धीरे–धीरे आगे बढ़ती लव स्टोरी को दिखाता है। इसमें हम शर्मीले और सीधे–सादे जुनैद को चुलबुली और दिलकश साई के प्यार में पड़ते हुए देखते हैं। दोनों के बीच का यह प्योर रोमांस आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। यह गाना अपने शांत और रोमांटिक अहसास को पूरी तरह बरकरार रखता है।अरिजीत सिंह और तरन्नुम मलिक जैन की जादुई आवाजों में सजे इस गाने को राम संपत ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। अरिजीत की रूहानी आवाज सीधे दिल को छू लेती है और प्यार के असली अहसास को जगाती है, जिससे इस जादुई प्रेम कहानी को देखने की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।

एक दिन का यह गाना ख्वाब देखूं सुनने में वाकई बहुत सुकून देने वाला है। खूबसूरत वादियों के बीच फिल्माया गया यह गाना साई और जुनैद की ध ीरे–धीरे आगे बढ़ती लव स्टोरी को दिखाता है। इसमें हम शर्मीले और सीधे–सादे जुनैद को चुलबुली और दिलकश साई के प्यार में पड़ते हुए देखते हैं। दोनों के बीच का यह प्योर रोमांस आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। यह गाना अपने शांत और रोमांटिक अहसास को पूरी तरह बरकरार रखता है।अरिजीत सिंह और तरन्नुम मलिक जैन की जादुई आवाजों में सजे इस गाने को राम संपत ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। अरिजीत की रूहानी आवाज सीधे दिल को छू लेती है और प्यार के असली अहसास को जगाती है, जिससे इस जादुई प्रेम कहानी को देखने की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया



है और इसके निर्माता आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित हैं। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# तय तारीख से पहले रिलीज होगी है जवानी तो इश्क होना है? 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी वरुण-मृणाल की फिल्म

वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की तिकड़ी है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएगी. ये फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, हालांकि,लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक अनुसार, फिल्म मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज की तारीख को पहले कर दिया है यानी ये अब तय समय से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है. चलिए यहां जानते हैं है जवानी तो इश्क होना है में कब बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है.रिपोर्ट के मुताबिक, है जवानी तो इश्क होना है लगभग पूरी हो चुकी है, इसलिए मेकर्स इसे अब जल्दी रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं. यानी मेकर्स इसे तय तारीख जून में नहीं बल्कि उससे पहले रिलीज करने के मूड में हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक मई में इसकी रिलीज निर्माताओं के लिए फायदेमंद साबित होगी. रिपोर्ट में कहा गया है, फिल्म निर्माता 12 जून के बजाय 22 मई को फिल्म रिलीज करने पर सीरियसली सोच रहे हैं. उन्हें एहसास हुआ है कि फिल्म लगभग तैयार है, इसलिए वे रिलीज को तीन हफ्ते पहले कर सकते हैं.रिपोर्ट में आगे कहा गया है, इसके अलावा, मई के दूसरे पखवाड़े में कंप्टीशन कम है और गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही होंगी. यह फिल्म के लिए यंग और फैमिली ऑडियंस को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए परफेक्ट टाइम होगा. रिपोर्ट के मुताबिक हालांकि निर्माताओं ने अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है. फैसला लेने के बाद, वे फिल्म की नई रिलीज डेट की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकते हैं. है जवानी तो इश्क होना है पहले 5 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. हालांकि, यश की फिल्म टॉक्सिकरू ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन–अप्स के साथ क्लैश से बचने के लिए निर्माताओं ने इसे 12 जून तक पोस्टपोन्ड कर जिया



था. वरुण धवन स्टारर यह फिल्म इम्तियाज अली की मैं वापस आऊंगा से भी मुकाबला करती, क्योंकि यह फिल्म 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक इसे प्री पोन्ड किया जा सकता है.

# उस्ताद भगत सिंह की ओटीटी रिलीज डेट हुई कंफर्म, 16 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी पवन कल्याण की फिल्म

साउथ एक्टर पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास परफॉर्म नहीं कर पाई. वहीं फैंस इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फाइनली अब ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है. चलिए यहां जानते हैं ये फिल्म किस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कब और कहां रिलीज होगी?

उस्ताद भगत सिंह को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अभी एक महीना भी नहीं हुआ है और ये अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है. बता दें कि मेकर्स ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म के राइटर्स बेच दिए हैं. पहले कहा जा रहा था कि फिल्म 23 अप्रैल को ओटीटी पर आ सकती है. वहीं अब मेकर्स ने फिल्म की ऑफिशियल रिलीज की तारीख कंफर्म कर दी है. ये फिल्म 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी. ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफिलक्स पर इस फिल्म को हिंदी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषा में देख सकेंगे. फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन धमाकेदार रहा और फिल्म ने पहले दिन 34.75 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया था, लेकिन फिर गुजरते दिन के साथ फिल्म का कलेक्शन कम होता गया और . अपना बजट तक नहीं निकाल पाई. बता दें कि इस फिल्म ने



वर्ल्डवाइड लेवल पर 96.36 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन किया था. वहीं फिल्म का बजट 150 करोड़ रुपए था. फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म पवन कल्याण ने ऐसे पुलिसवाले का रोल प्ले किया है, जो बहाजुर और साहसी है और हमेशा गलत के खिलाफ खड़ा रहता है. फिल्म में एक्शन और इमोशनंस दोनों है और अभिनेता 54 साल की उम्र में भी धमाकेदार एक्शन करते दिखे हैं।उस्ताद भगत सिंह का निर्देशन हरीश शंकर ने किया है. फिल्म की कमाई की धीमी रफ्तार पर निर्देशक ने कहा था कि उनके लिए फिल्म को रिलीज करना दूसरी फिल्म से प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सिनेमा का उत्सव है, निर्देशक ने यह बयान फिल्म धुरंधर–2 के साथ क्लैश पर कहा था.

# धुरंधर 2 और डकैत पर भारी पड़ी लव इंश्योरेंस कंपनी, पहले दिन धमाकेदार की शुरुआत

प्रदीप रंगनाथन की नई फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी इस शुक्रवार, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर अदिवि सेष और मृणाल ठाकुर की डकैत के साथ क्लैश हुआ है. वहीं इसे ब्लघ्कबस्टर 23 दिन पुरानी धुरंधर 2 से भी मुकाबला करना पड़ा है. बावजूद इसके लव इंश्योरेंस कंपनी ने इन दोनों फिल्मों से अच्छी शुरुआत की है. चलिए यहां जानते इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितना क ल े क् श ा न िक य ा है?साइंस–फिक्शन रोमांस फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को रिलीज के पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक लव इंश्योरेंस कंपनी ने भारत में पहले दिन 3,202 शो में 6.85 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया गै. इसके साथ ही फिल्म का कुल भारतीय कलेक्शन अब तक 7.93 करोड़ रुपये हो गया है. विदेशी बाजारों से इसने 2.00 करोड़ रुपये जोड़े जिससे शुक्रवार को फिल्म का कुल ग्लोबल कलेक्शन 9.93 करोड़ रुपये हुआ है.बता दें कि लव इंश्योरेंस कंपनी के तमिल वर्जन ने 2117 शो में 5.45 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन और 37.0त्न ऑक्यूपेंसी के साथ बढ़त बनाई. तेलुगु वर्जन ने 1,085 शो में 25.0त्न ऑक्यूपेंसी के साथ 1.40 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. ओपनिंग डे पर कुल ऑक्यूपेंसी 32.9त्न रही.लव इंश्योरेंस कंपनी ने 6.85 करोड़ के कलेक्शन के साथ नई रिलीज डकैत पर पहले दिन दबदबा बनाया. वहीं इसने 23 दिन पुरानी धुरंधर 2 से भी ज्यादा कलेक्शन किया है. बता दें कि डकैत की पहले दिन की कमाई सैकनिल्क के मुताबिक 6.50 करोड़ रही है. जबकि धुरंधर 2 ने 23वें दिन 6.70 करोड़ कमाए हैं. देखने वाली बात होगी कि ये फिल्में वीकेंड पर कैसा परफॉर्म करती हैं.लव इंश्योरेंस कंपनी में एक आदमी प्यार की तलाश में मोबाइल गैजेट का इस्तेमाल करके 2035 में टाइम ट्रैवल करता है. कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या रोमांस के मामलों में कोई ऐप सचमुच दिल की जगह ले सकता है. विग्नेश शिवन द्वारा निर्देशित, लव इंश्योरेंस कंपनी रोमांस और कॉमेडी का बेहतरीन ब्लेंड है, जो भूमिकाओं में हैं, साथ ही योगी बाबू, सीमान, गौरी जी किशन, शाह रा, मालविका और सुनील



दर्शकों को भरपूर मनोरंजन देने का वादा करती है. फिल्म में एस. जे. सूर्या और कृति शेट्टी मुख्य रेड्डी जैसे दमदार कलाकारों की टोली भी है. ये राउडी पिक्चर्स और सेवन स्क्रीन स्टूडियो द्वारा निर्मित है.

# नई रिलीज डकैत के आगे भी धुरंधर 2 ने काटा गदर, ये तगड़ा रिकार्ड भी बनाया

रणवीर सिंह की फिल्म ध ुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के तीन हफ्ते में ध ामाकेदार परफॉर्म किया है. हालांकि अब चौथे हफ्ते में एंट्री करने के बाद इसकी कमाई में गिरावट भी दर्ज की जा रही है बावजूद इसके ये फिल्म बॉक्स ऑफिस से अपनी पकड़ ढीली करने को तैयार नहीं है. यहां तक कि डकैत जैसी नई फिल्म के आने के बावजूद इसकी रफ्तार बरकरार है. अगर 23वें दिन के कलेक्शन की बात करें तो कम से कम अदिवी शेष रणवीर सिंह की चमक फीकी नहीं कर पाए हैं. इसी के साथ चलिए यहां धुरंधर 2 के रिलीज के 23वें दिन यानी चौथे शुक्रवार की कमाई के आंकडे जान लेते हैं।धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 19 मार्च को रिलीज होने के बाद से ऐसा गदर मचाया कि



देखते ही देखते इसने बॉलीवुड की हर फिल्म को पीछे छोड़ दिया और इतना कलेक्शन कर डाला कि हर किसी के होश उड़ गए. यहां तक कि इसने पुष्पा 2 को छोड़कर सारी पैन इंडिया फिल्मों को भी धूल चटा दी है. हालांकि अब चौथे हफ्ते में एंट्री करने के बाद इसकी कमाई को झटका लगा है लेकिन फिर भी ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ ढीली करने को तैयार नहीं है. यहां तक कि डकैत के आगे भी इसने ठीक कमाई की है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो धुरंधर 2 ने रिलीज के पहले हफ्ते में 674.17 करोड़ और दूसरे वीक में 263.65 और तीसरे हफ्ते में 110.60 करोड़ कमाए. वहीं रिलीज के चौथे शुक्रवार यानी 23वें दिन इस फिल्म ने 6.70 करोड़ कमाए हैं।इसी के साथ धुरंधर 2 की 23 दिनों की भारत में नेट कमाई 1055.12 करोड़ रुपये हो गई है. धुरंध ार 2 की कमाई में बेशक 23वें दिन भारी गिरावट देखी गई लेकिन इसने चौथे शुक्रवार को बड़ा मील का पत्थर पार कर लिया है. दरअसल ये फिल्म 1050 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. इसी के साथ ये फिल्म इस आंकड़े को छूने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है।धुरंधर 2 की कमाई हर दिन घट रही है. रिलीज के 23वें दिन तो इसने अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया. वहीं इसके प्रीक्वल यानी धुरंधर की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के 23वें दिन भी 20.50 करोड़ कमाए थे. यानी धुरंधर 2 बेशक कुल कमाई के मामले में धुरंधर से आगे रही है लेकिन डे वाइज कलेक्शन के मामले में ये अपनी प्रीक्वल से पिछड़ चुकी है.

# मेकअप में और खराब लगती हूं, नेहा शर्मा ने खुद पर किया मजेदार कमेंट

फिल्मी दुनिया में जहां सितारे अक्सर अपने परफेक्ट लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वहीं कई बार वही सितारे अपने फैंस के सामने अपनी असलियत भी खुलकर रखते नजर आते हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने एक ऐसा बयान दिया, जिसने फैंस को भी हैरान कर दिया। नेहा शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मेकअप किए हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में वह अपने बालों को फ्लिप करते हुए अपने लुक को दिखा रही हैं। आमतौर पर जहां सेलेब्रिटीज अपने मेकअप लुक की तारीफ करते हैं। वहीं नेहा ने इस बार बिल्कुल अलग अंदाज अपनाया। वीडियो के साथ उन्होंने बेहद ईमानदारी से लिखा, मुझे अपने बाल और मेकअप ठीक से करना नहीं आता। मुझे इस स्किल को सीखने की जरूरत है, ताकि मैं खुद को बेहतर तरीके से प्रजेंट कर सकूं।इतना ही नहीं, नेहा ने अपने मेकअप लुक पर मजाकिया अंदाज में सवाल भी उठाया। उन्होंने लिखा, क्या मैं ही अकेली लड़की हूं जिसे लगता है कि मेकअप के साथ मैं और भी खराब दिखती हूं?नेहा शर्मा की बात करें तो उन्हें कुकिंग, म्यूजिक सुनना, किताबें पढ़ना और डांस करना बेहद पसंद है। नेहा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ट्रेनिंग ली है और इसके अलावा, उन्होंने लंदन के पाइनएप्पल डांस स्टूडियो से स्ट्रीट हिप–हॉप, सालसा, मेरेंग्यू, जाइव और जैज जैसे कई वेस्टर्न डांस फॉर्म भी सीखे हैं। फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 2007 में तेलुगु फिल्म चिरुथा से करियर शुरू किया और बाद में क्रूक, क्या सुपर कूल हैं हम, यमला पगला दीवाना 2, तान्हाजी और जोगीरा सारा रा रा जैसी फिल्मों में नजर आईं। इसके अलावा, वह इल्लिगल जैसी वेब सीरीज और कई म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।



# धुरंधर 2 की दहाड़ के आगे डकैत ने भी दिखाया दम, ओपनिंग डे पर मृणाल-अदिवी की फिल्म ने कर डाली इतनी कमाई

रणवीर सिंह की ब्लघ्कबस्टर धुरंधर 2 के तूफान के आगे मृणाल ठाकुर और अदिवी शेष स्टारर मचअवेटेड फिल्म डकैत आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है. इस फिल्म ने पहले दिन ठीक ठाक परफॉर्म किया है. हालांकि रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा और फैंस की उम्मीदों के बावजूद, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डबल डिजिट में कमाई नहीं कर पाई है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है?अदिवी सेष ने चार साल के ब्रेक के बाद अपनी नई फिल्म डकैतरूअ लव स्टोरी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की है. एक्टर की इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. डेब्यूटेंट डायरेक्टर शेनिल देव द्वारा निर्देशित श्डकैतय एक एक्शन–रोमांटिक थ्रिलर है, जिसमें अदिवी शेष के साथ मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप भी अहम रोल में हैं. इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत ठीक रही है.फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो डकैत ने रिलीज के पहले दिन 6.50 करोड़ की कमाई की है. वहीं भारत में इसका पहले दिन का कुल ग्रॉस कलेक्शन 7.57 करोड़ रहा है. वहीं इसकी पहले दिन की ऑक्यूपेंसी 26.4 फीसदी दर्ज की गई है.डकैत की लागत 60 करोड़ रुपये बताई जा रही है. वहीं फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 6.50 करोड़ रुपये से ओपनिंग की है. हालांकि धीमी शुरुआत के चलते मेकर्स की टेंशन बढ़ गई है अब अगर इसकी वीकेंड पर कमाई नहीं बढ़ती है तो इसके लिए अपना बजट वसूलना मुश्किल हो जाएगा.

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।